


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 88 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 10 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# फिर शुरू हुई ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल हिट एंड रन कानून के खिलाफ हुए एकजुट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हिट एंड रन कानून के खिलाफ एक बार फिर हड़ताल शुरू हो गई है। बुधवार से प्रदेश भर के ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। राजधानी रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर सहित सभी जिलों के ड्राइवर्स 'स्टियरिंग छोड़ो आंदोलन' पर चले गए हैं। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के बैनर तले यह हड़ताल की जा रही है। ट्रक ड्राइवरों कहना है कि हिट एंड रन कानून केन्द्र सरकार को वापस लेना चाहिए। पिछले दिनों जो हड़ताल हुई उसमें ट्रांसपोर्टरों से चर्चा की गई लेकिन ट्रक ड्राइवर्स से कोई बात नहीं हुई है। ट्रक ड्राइवरों का कहना है जब तक हिट एंड रन कानून को वापस लेने की पहल नहीं की जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इनकी हड़ताल को छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ ने भी समर्थन दिया है।

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के आह्वान पर प्रदेश के 65 हजार से अधिक बस-ट्रक ड्राइवर बुधवार से फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। डाइवर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन ने बताया कि सरकार ने ट्रांसपोर्टर से बात की और हड़ताल समाप्त हो गई। जबकि इस कानून का सबसे बड़ा खतरा चालकों को है। सड़क पर चालक ट्रक लेकर निकलते हैं और इस कानून से प्रभावित भी वे ही होंगे। सेन ने कहा कि दिल्ली में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट से सरकार ने बात की है। जबकि जिन ड्राइवर के लिए कानून बनाया गया है, उनसे किसी प्रकार की बातचीत नहीं हुई है। जिस समय देश भर में ड्राइवर हड़ताल पर थे। उस दौरान 28 राज्य के ड्राइवर यूनियन भी दिल्ली में जंतर मंतर पर आंदोलन करने गए थे। उस समय यूनियन में यह तय किया गया कि अगर सरकार अपना कानून वापस नहीं लेती है तो 10 जनवरी से सभी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाएंगे। इसलिए हिट एंड रन कानून को वापस लिया जाना चाहिए।



### ट्रक चालकों की यह है मांगे

आम नागरिकों द्वारा चालकों के साथ अभद्र व्यवहार करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान हो। चालकों के लिए निजी व शासकीय अस्पताल में गंभीर से गंभीर बीमारियों का निशुल्क चिकित्सा का प्रावधान किया जाए। चालक के परिवार को आवास योजना के अंतर्गत आवास प्रदान दिया जाए। ड्राइवर की मृत्यु के होने या विकलांगता की स्थिति में पेंशन लाभ दिया जाये। चालक का दुर्घटना बीमा कराया जाए जिससे परिवार को राहत मिले। शासकीय नौकरी की भर्ती में ड्राइवर या उसके परिवार के सदस्यों को आरक्षण दिया जाए। सड़क पर 10 किमी के अंतराल में शौचालय और विश्राम गृह की सुविधा मिले। लाईसेंस के साथ साथ बीमा भी होना चाहिए।

### फिर बढ़ सकती है पेट्रोल डीजल की किल्लत



ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण एक बार फिर शहर में पेट्रोल डीजल की किल्लत हो सकती है। हड़ताल की जानकारी लगने के बाद बुधवार को एक बार फिर से पेट्रोल व डीजल के लिए पंपों में भीड़ लगनी शुरू हो गई है। बुधवार को लोग एक दूसरे यह भी पूछते दिखे कि सच में ट्रक चालक हड़ताल पर चले गए हैं। बहरहाल ट्रक चालकों की हड़ताल का असर आम लोगों पर पड़ने वाला है। पेट्रोल डीजल की किल्लत के साथ ही ट्रांसपोर्टिंग पर भी असर पड़ेगा इससे रोजमर्रा की चीजों के भाव भी बढ़ेंगे।

### ट्रक से लेकर बसों के पहिए थमेंगे

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के आह्वान पर हड़ताल शुरू होने से बस, ऑटो, स्कूल बस, समान ले जाने वाली माल वाहक गाड़िया, पेट्रोल , डीजल समेत तमाम हैवी व्हीकल गाड़ियों के पहिए थम जाएंगे। रायपुर के तेलीबांधा में सभी चालक जमा हो रहे हैं। वहीं दुर्ग भी में जिले के ड्राइवर जमा हो रहे हैं। महासंघ ने कहा है कि हड़ताल के दौरान वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसकी सूचना शासन प्रशासन को दे दी गई है। ट्रक चालकों ने प्रशासन से भी उनकी हड़ताल को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने में सहयोग करने की अपील की है। वहीं महासंघ का यह भी कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मानती वे हड़ताल पर रहेंगे। हिट एंड रन कानून वापस लेने की मांग के साथ महासंघ ने अन्य बिंदुओं पर भी सरकार ध्यान आकर्षण कराया है।

## खास-खबर

### हिट एंड रन का नया कानून अभी लागू नहीं, किसी भी प्रकार के अफवाह में नहीं आने की अपील

वाहन चालकों को डरने की आवश्यकता नहीं

**रायपुर।** हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग इस कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय भल्ला ने कहा है कि भारतीय न्याय संहिता 106(2) लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे और उसके बाद ही हम कोई निर्णय लेंगे।

### 22 मार्च को शुरू हो सकता है आईपीएल, दो शहरों में महिला प्रीमियर लीग कराने की योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तैयारियां जोरों पर है। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की नीलामी हो चुकी है और अब तारीखों पर सबकी नजरें हैं। बीसीसीआई ने अब तक इस बात का एलान नहीं किया है कि आईपीएल का नया सीजन कब से कब तक आयोजित होगा। वहीं, महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए भी शेड्यूल की घोषणा नहीं हुई है।

अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि आईपीएल का नया सीजन 22 मार्च को शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत फरवरी के अंत में हो सकती है। इस साल देश में आम चुनाव भी होने हैं। ऐसे में बीसीसीआई चाहता है कि आईपीएल के मैचों का टकराव चुनाव की तारीखों से नहीं हो। बीसीसीआई ने इस बात के संकेत दिए थे कि आम चुनावों की घोषणा के बाद आईपीएल का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। 2019 में आम चुनाव होने के बावजूद सभी मैच भारत में ही हुए थे। इस बार बोर्ड ऐसा ही चाहता है।

***दो शहरों में हो सकता है महिला प्रीमियर लीग का आयोजन***

बीसीसीआई ने पिछले साल महिला प्रीमियर लीग का आयोजन किया था। तब सभी मैच एक ही शहर में आयोजित हुए थे। मुंबई के अलग-अलग मैदानों पर मुकाबले खेले गए थे। बोर्ड टूर्नामेंट को रोमांचक बनाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए अलग योजना बना रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला प्रीमियर लीग का आयोजन इस बार दो शहरों में होगा। दिल्ली और बेंगलुरु को इसके लिए चुना गया है। पहले सीजन में मुंबई इंडिया की टीम चैंपियन बनी थी।

# नौसेना प्रमुख ने लॉन्च किया स्वदेशी ड्रोन, पाक-चीन के खतरे से निपटने के लिए ये खूबियां




**हैदराबाद (एजेंसी)।** अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा निर्मित दृष्टि 10 स्टार लाइनर ड्रोन का भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने हैदराबाद में लॉन्च किया गया। फर्म ने कहा कि सभी मौसमों में एकमात्र सैन्य प्लेटफॉर्म है, जो दो हवाई क्षेत्रों में उड़ान भर सकता है। कंपनी ने कहा कि नौसेना के समुद्री अभियानों में शामिल होने के लिए यूएवी हैदराबाद से पोरबंदर तक उड़ान भरेगा।

### क्या है दृष्टि 10 स्टार लाइनर

450 किलोग्राम पेलोड क्षमता
अदाणी डिफेंस ने किया विकसित
मानव रहित ड्रोन
सभी मौसमों में काम करने में सक्षम

### नौसेना की क्षमताओं में होगी बढ़ोतरी- हरि कुमार

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार ने भारतीय नौसेना की जरुरतों के अनुरूप अपने रोडमैप का जिक्र करते हुए रक्षा और सुरक्षा में आत्मनिर्भरता को सक्षम करने के लिए फर्म के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि आईएसआर प्रौद्योगिकी और समुद्री प्रभुत्व में आत्मनिर्भरता की खोज में यह एक परिवर्तनकारी कदम हैं। स्वेदशी कंपनी ने स्थानीय क्षमताओं को विकसित करने के लिए पिछले कुछ वर्षों से व्यवस्थित रूप से काम करके मानव रहित प्रणालियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। दृष्टि 10 के आने से हमारी नौसेनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी होगी। लगातार विकसित होने वाली समुद्री निगरानी और टोही के लिए हमारी तैयारी मजबूत होगी।

### रक्षा उत्पादों का करेंगे जल्द निर्यात- जीत अदाणी

लॉन्च के दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष जीत अदाणी ने कहा कि हाल की भू-राजनीतिक घटनाओं ने सूचा और दुष्प्रचार के प्रसार के लिए खुफिया जानकारी, मानव रहित प्रणालियों और साइबर प्राणालियों के उपयोग पर आधारित भौतिक, सूचनात्मक और संज्ञानात्मक रणनीति के अभिसरण को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि थल, वायु और नौसेना सीमाओं के पार खुफिया, निगरानी और टोही मंच एक प्रमुख प्राथमिकता है, जो भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा और भारत को निर्यात के लिए वैश्विक मानचित्र पर भी स्थापित करेगा।

### मंत्री बृजमोहन ने की 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग

**रायपुर।** धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्कूल-कॉलेजों को भी बंद रखने की अपील की है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देशभर के साथ प्रदेश में भी दिवाली की तरह मनाने की तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री को भेजे मांग पत्र में बृजमोहन की ओर से लिखा गया है- मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22 जनवरी को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर का लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है जिसे लेकर दुनिया भर के सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित हैं। इस दिन पूरी दुनिया रामोत्सव मनाएगी। चिट्ठी में बृजमोहन अग्रवाल ने आगे मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि- इस हर्षोल्लास के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी स्कूल कॉलेज सहित सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए ताकि छत्तीसगढ़ का जन जन रामोत्सव धूम धाम से मना सकें।

# ट्रेन हादसा: चारमीनार एक्सप्रेस की बोगियां हुई बेपटरी, नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा



हैदराबाद (एजेंसी)। लगातार हो रहे ट्रेन हादसों ने भारतीय रेलवे की चिंता बढ़ा दी है। हादसों को थामने के लिए बीते कुछ दिनों पहले रेलवे ने कवच सुरक्षा प्रणाली का परीक्षण किया था। इसी बीच, बुधवार को सुबह नौ बजे तेलंगाना के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर चारमीनार एक्सप्रेस के तीन बोगियां पटरी से जा उतरी, जिसमें पांच लोगों के घायल होने की सूचना हैं।

### पांच लोग घायल, इलाज जारी- सीपीआरओ

दक्षिण मध्य रेलवे सीपीआरओ राकेश ने बताया कि यह घटना सुबह करीब नौ बजे हुई। यह रेलवे स्टेशन एक टर्मिनल स्टेशन है, जहां ट्रेनें रूकती हैं। ट्रेन को वहां रूकना था, लेकिन वह वहां नहीं रूकी, बल्कि आगे निकल गई। जिसके कारण ट्रेन के तीन बोगियां पटरी से उतर गई। इस घटना में ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े करीब पांच लोगों को चोटें आई हैं। घायल को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### हादसों को रोकने के लिए रेलवे लगातार कर रहा काम

गौरतलब है कि रेल हादसों पर लगाम लगाने के लिए रेलवे विभाग लगातार कार्य कर रहा हैं। रेलवे ने मथुरा और पलवल के बीच 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कवच दक्षता का ट्रायल किया था। इससे पहले दक्षिण मध्य रेलवे में तीन खंडों में प्रणाली शुरू करने से पहले कई स्थानों पर 130 किमी प्रति घंटे की गति से ऐसे परीक्षण किए गए थे। रेलवे के मुताबिक, कवच प्रणाली दक्षिण मध्य रेलवे में 1,465 रूट किमी और 139 लोकोमोटिव पर तीन खंडों में पहले से ही काम कर रही है। हालांकि, गति प्रतिबंध के कारण उस मार्ग पर परीक्षण नहीं किया जा सकता है। एक रेलवे अधिकारी ने कहा, इस दिल्ली-आगरा खंड को छोड़कर भारत के सभी रेल नेटवर्क पर ट्रेनें अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलती हैं।




# छका रही नैदानिक उपकरणों की किल्लत

श्रीकंचनपथ




सरकारी अस्पतालों में नैदानिक (डायग्नोस्टिक) उपकरणों की किल्लत कोई नई बात नहीं है। इसकी वजह से रोगी को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में जाना पड़ता है। न्यायधानी बिलासपुर के छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स) में फिलहाल बेसिक नैदानिक उपकरण की किल्लत है। पेट की लगभग हर दूसरी बीमारी में अल्ट्रासाउंड की जरूरत पड़ती है। यहां एक मशीन है जिसकी उम्र खत्म होने को है। दूसरी मशीन मंगवाई गई पर उससे काम नहीं हो पा रहा है। लिहाजा यहां हजारों की संख्या में मरीजों की वेटिंग चल रही है। वेटिंग एक महीने तक हो रही है। जाहिर है, मरीज इतनी लंबी अवधि तक न तो तकलीफमें रह सकता है और न ही चिकित्सकीय दृष्टि से यह उचित है। उसे बाहर ही जांच करवाना होगा। अल्ट्रासाउंड वह मशीन है जो कई मुसीबतों से घिरा होता है। पहली बात तो यह कि यह मशीन महंगी है। नई 3डी/4डी अल्ट्रासाउंड मशीन 80 लाख रुपए तक की आती है। रीफर्बिश्ड (बदले गए पुरजों के साथ पुरानी मशीन) 50 हजार रुपए से 30 लाख रुपए तक की आती है। पर सवाल केवल पैसों का नहीं है। प्रसव पूर्व लिंग जांच के कारण सरकार इसकी कड़ी निगरानी करती है। कमी रेडियोलॉजिस्ट की भी है जो इन मशीनों का सही उपयोग कर सकें। फिलहाल अधिकांश अस्पतालों में जांच कोई और करता है और रेडियोलॉजिस्ट आकर उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उसपर हस्ताक्षर कर देता है। पर विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यवस्था सही नहीं है। विशेषज्ञ स्वयं सोनोग्राफी करे तो वह कई चीजों को देख पाता है, संदिग्ध स्पाट्स की गहराई से जांच कर सकता है। केवल तस्वीरें देखकर इसका सही-सही अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इसलिए कई बार गूढ़ बातें जांच रिपोर्ट से छूट जाती हैं। रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता के आँकड़े चिंताजनक हैं - भारत में वर्तमान में 140 करोड़ से अधिक लोगों की आबादी की सेवा के लिए लगभग 20,000 रेडियोलॉजिस्ट हैं। इसका मतलब है कि प्रति 1,00,000 व्यक्तियों पर सिर्फ एक रेडियोलॉजिस्ट। इसलिए अब नैदानिक सेवा में आर्टिफिशल इंटेलीजेंस को विकसित करने की कोशिशें हो रही हैं। पर चिकित्सक इसपर पूरा भरोसा कर पाएं, इसमें अभी वक्त लगेगा। इलाज से जुड़ी तमाम सरकारी चेष्टाओं में नैदानिक सेवा को हाशिए पर रखा गया है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। अधिकांश जांचें या तो सरकारी योजनाओं में शामिल ही नहीं हैं या फिर उसकी कीमतें इतनी कम रखी गई हैं कि रोगी को उसका लाभ नहीं मिल पाता। रोगी का समय पर और सही निदान हो जाए तो अकसर उसका इलाज भी काफी आसान हो जाता है। अंदाजे में, लक्षणों के आधार पर की जाने वाली चिकित्सा कई बार रोगी के लिए मुसीबत का कारण बन जाती है। रोग बढ़ जाता है और फिर आपातकालीन चिकित्सा करनी पड़ती है जो महंगी पड़ती है और जोखिम भी बढ़ जाता है। आयुष्मान योजना की सफलता के लिए नैदानिक सेवाओं को भी गंभीरता से लेने की जरूरत है।

## संपादकीय

### ढाका में फिर शेख हसीना

बांग्लादेश में 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को मिली भारी विजय के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी समेत एक दर्जन से भी अधिक राजनीतिक दलों के चुनाव बहिष्कार और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए बांग्लादेशी अधिकारियों के विरुद्ध विशेष वीजा नीति जैसे दवाबकारी अमेरिकी कदमों के बावजूद बांग्लादेश के मतदाताओं ने 12वीं संसद के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है और अपने भविष्य की डोर अवामी लीग को सौंप दी है। 300 सदस्यों वाली जातीय संसद में 222 सीटें जीतने वाली अवामी लीग की मुखिया शेख हसीना पांचवीं बार अपने देश की बागडोर संभालेंगी और यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिससे किसी भी लोकतांत्रिक देश के नेता को रश्क होगा। भारत हमेशा से एक स्थिर और समर्थ बांग्लादेश का हिमायती रहा है, ऐसे में स्वाभाविक ही था कि चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेख हसीना व बांग्लादेश के अवाम को अपनी मुबारकबाद देते हुए दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाने का इरादा जताया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री पहले ही सबसे करीबी पड़ोसी भारत के प्रति आभार जता चुकी थीं।

> “ हसीना जानती हैं कि यदि लोगों की माली हालत सुधरती रहे, तो उनका भरोसा जीतना आसान हो जाता है। इसीलिए उन्होंने जीत के बाद सोमवार को दोहराया कि अगले पांच वर्षों में उनकी पहली प्राथमिकता देश की आर्थिक तरक्की में और तेजी लाने की होगी।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि शेख हसीना को मिली इस लगातार चौथी जीत में बांग्लादेश की सुधरती आर्थिक स्थिति का बड़ा योगदान है। इसके कारण ही मानव विकास की विभिन्न कसौटियों पर इसका प्रदर्शन सुधरा है। जो बांग्लादेश एक समय विश्व के सबसे पिछड़े देशों में शुमार था, पिछले दो दशकों में उसने शानदार तरक्की की है और इसका अंदाजा सिर्फ इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि जीडीपी के आधार पर वह आज दुनिया की 35वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। जाहिर है, इन दो दशक में से डेढ़ दशक सत्ता शेख हसीना के हाथों में रही। हसीना जानती हैं कि यदि लोगों की माली हालत सुधरती रहे, तो उनका भरोसा जीतना आसान हो जाता है। इसीलिए उन्होंने जीत के बाद सोमवार को दोहराया कि अगले पांच वर्षों में उनकी पहली प्राथमिकता देश की आर्थिक तरक्की में और तेजी लाने की होगी। मगर इस बड़ी जीत के बावजूद वह इस बात को नकार नहीं सकतीं कि बांग्लादेश में विपक्ष को भरोसे में लेने में वह बुरी तरह नाकाम रही हैं। निस्संदेह, इसके लिए बीएनपी और दूसरी सियासी जमातों का अड़ियल रवैया भी जिम्मेदार है। मगर बांग्लादेश इस तथ्य को झुठला नहीं सकता कि वहां मतदान प्रतिशत आज भी बहुत कम लगभग 40 फीसदी है। ऐसे में, उसे एक लोकतंत्र के तौर पर सम्मान के लिए चीन व रूस जैसे देशों के प्रमाणपत्र की नहीं, बल्कि भारत, अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय देशों के उदार लोकतंत्रों की स्वीकृति व सहयोग की ज्यादा जरूरत होगी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के जीवन का यह संभवतः सबसे अहम कार्यकाल है, क्योंकि इसके खत्म होने तक वह अस्सी वर्ष की आयु पार कर जाएंगी। इस दौरान देश को आगे ले जाने के साथ-साथ उन्हें पार्टी में अपने उत्तराधिकारी के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। शेख हसीना के पास एक ऐतिहासिक अवसर है कि वह बांग्लादेश को एक ऐसे परिपक्व लोकतंत्र के रूप में तब्दील कर सकें, जिसमें विपक्ष की आवाज को निर्बाध अभिव्यक्ति का मौका मिले; जहां चुनाव हिंसा से पूरी तरह मुक्त हों और अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के हितों का हर सूरत में संरक्षण किया जाए।

## गोल्डन ग्लोब्ससे आस्कर के संकेत?

वर्ष का यह वह समय है जब दुनिया भर में फिल्म पुरस्कारों की घोषणा होती है। सिनेमा दर्शक विजेताओं की सूची खंगालते होते है और नज़र रेड कार्पेट पर रहती है। वर्ष का पहला आयोजन गोल्डन ग्लोब्स नए साल के पहले रविवार को हुआ और पिछली गर्मियों का ‘बारबेनहाईमर‘ बुखार, पुरस्कारों के ताजा दौर में भी दिखा। कई अन्य शानदार फिल्मों जैसे ‘किलर्स ऑफ द फ्लावर मून’, ‘माइस्ट्रो’, ‘पुअर थिंग्स’, ‘एनाटामी ऑफ फॉल’, ‘मे दिसंबर’, ‘पास्ट लाईव्स’ के बावजूद ‘बार्बी’ एवं ‘ओपेनहाईमर’ के पुरस्कार हासिल करने के कयास लगाए जा रहे थे।

पहले थोड़ी चर्चा गोल्डन ग्लोब्स की। अतीत में इन पुरस्कारों की जम कर निंदा और आलोचना हुई है। गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार देने वाली संस्था हालीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन (एचएफपीए) 2021 में तब विवादों में घिर गई थी जब उस पर भ्रष्टचार और विजेताओं के चुनाव के लिए मतदान करने वाले पैनल में विविधता की कमी के आरोप लगे थे। इसके नतीजे में 2022 का आयोजन अपेक्षाकृत बहुत छोटे स्तर का कर दिया गया ताकि चीज़ों को सुधारा जा सके। और इस वर्ष इस आयोजन ने तूफानी वापसी की। लॉस एंजेल्स के बेवरली हिल्टन में हुआ तीन घंटे का यह आयोजन, हालीवुड प्रेस एसोसिएशन के भंग होने और एक निजी इक्विटी फर्म व डिक क्लार्क प्रोडेक्शन्स द्वारा अवार्ड्स का संभालने का बाद का पहला आयोजन था। अब उसमें 76 देशों के 300 सदस्य हैं और वह सदस्यों की पृष्ठभूमि की दृष्टि से विविधतापूर्ण है।

सन् 2024 के नॉमिनेशन्स से यह जाहिर हुआ है कि नई और बड़ी चयन समिति मोटे तौर पर लीक पर ही चली हालाँकि कुछ चौंकाने वाला भीथा। जैसे पिछले साल सूची में एक भी महिला निर्देशक नहीं थी। लेकिन इस साल ऐसा नहीं है। ग्रेटा गर्विक (‘बार्बी‘ ) और सलीन सोंग (‘पास्ट लाईव्स’) सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार के लिए लाइन में थीं। एक और आश्चर्य था ‘पास्ट लाइव्स, जो कि जटिल प्रेम त्रिकोण में फंसे एक कोरियाई प्रवासी की कहानी है का अन्य श्रेणियों में भी नामांकन। एक अन्य आश्चर्य था टेलर स्विफ्ट की फिल्म (‘टेलर स्विफ्ट- द एरास टूर’) को नामांकित करने के लिए एक नयी श्रेणी, ‘सिनेमेटिक एंड बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट’ का निर्माण। इस श्रेणी में पुरस्कार अंततः बार्बी को मिला। बारबेनहाईमर 2023 की गर्मी से ही चर्चाओं के केन्द्र में है। महामारी के बाद रिलीज़ होने वाली ये पहली फिल्म थीं और इस बात का इम्तहान थीं कि क्या दर्शकों को दुबारा सिनेमाघरों की ओर आकर्षित किया जा सकेगा। और ये लेखकों की हड़ताल के पहले की आखिरी फिल्में थीं। जहां बार्बी दर्शकों को आनंदित करने वाली फिल्म थी, जो बाद में बाक्स आफिस पर हिट रही, वहीं ‘ओपनहाईमर’ एक गंभीर फिल्म थी, जिसकी चर्चा मुख्यतः उसके निर्देशक क्रिस्टोफर नोलान के कारण हुई। नोलान पारंपरिक कथानकों से बखूबी खेलते हैं और अवचेतन मन और सैद्धांतिक खगोल भौतिकी जैसे दुरूह विषयों पर फिल्मों का निर्देशन करते रहे हैं। ओपेनहाईमर समीक्षकों की पसंदीदा फिल्म बनी और बार्बी, इस प्रसिद्ध गुडिया के युवा प्रशंसकों और उनके अभिभावकों की। लेकिन गोल्डन ग्लोब्स में सबसे बड़ी विजेता रही ‘ओपेनहाईमर’ ।उसने पांच पुरस्कार हासिल किए, जिनमें सर्वोत्तम कहानी, सर्वोत्तम अभिनेता (सिल्लियन मर्फी) सर्वोत्तम गीत (लुडविग गोरंस्सों) सर्वोत्तम सहायक अभिनेता (रोबर्ट डाउनी जूनियर) और सर्वोत्तम निर्देशक (क्रिस्टोफर नोलान) शामिल हैं। हालांकि ओपेनहाईमर का मुख्य मुकाबला मार्टिन स्कोर्सेसे की किलर्स ऑफ द फ्लावर मून से था, मगर उसे केवल एक पुरस्कार मिल सका ङ्क सर्वोत्तम अभिनेत्री के लिए लिली ग्लोडस्टोन को। ग्लोडस्टोन, जीतना तो दूर, नामांकित होने वाली पहली अमेरिका की मूलनिवासी कलाकार हैं। संभवतः नई, पुनगर्ठित हालीवुड फारेन प्रेस एसोसिएशन के कारण अन्य देशों की फिल्मों को कई पुरस्कार हासिल हुए, जिनमें सबसे आश्चर्यजनक था फ्रेंच फिल्म एनाटामी ऑफ ए फाल के लिए जस्टिन ट्राईट और आर्थर हरारी को सर्वोत्तम स्क्रीनप्ले का पुरस्कार, जो उसे बार्बी, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून और ओपेनहाईमर से मुकाबला करते हुए हासिल हुआ। साथ ही उसे सर्वोत्तम गैर-अंग्रेजी फिल्म का पुरस्कार भी मिला।

> “ भारत इन्हीं नीतियों पर आगे बढ़ रहा है। हालांकि, मालदीव के साथ ताजा विवाद में उसे कुछ सतर्क रहने की जरूरत है। दरअसल, मालदीव में करीब 98 फीसदी आबादी सुन्नी मुसलमानों की है और पाकिस्तान काफी दिनों से वहां अलगाववाद को खाद-पानी देने का प्रयास कर रहा है। मालदीव पर ज्यादा दबाव बनाने से पाकिस्तान को अपना हित साधने का मौका मिल सकता है।

# दक्षिण एशिया में हमारी बड़ी अहमियत

संजय के भारद्वाज, प्रोफेसर, जेएनयू

दक्षिण एशियाई देश एक ही सभ्यता और संस्कृति के हिस्से हैं, इसलिए उनमें सामाजिक, जातीय, भाषायी और सांस्कृतिक संबंध काफी गहरे हैं। इस जुड़ाव के कारण उनकी एक-दूसरे पर निर्भरता तो है ही, साथ-साथ, किसी एक देश में होने वाला राजनीतिक बदलाव भी अन्य देशों की सियासत को प्रभावित करता है। हालांकि, इस निर्भरता का एक नैसर्गिक प्रतिफल यह है कि यहां के राजनीतिक समूहों का एक बड़ा हिस्सा भारत का समर्थन करता है, जबकि छोटा धड़ा अपने सियासी फायदे के लिए इसका विरोध करता है। समर्थन करने वाले गुटों का मानना है कि चूंकि उनमें सामाजिक, भाषायी या जातीय समानता है, इसलिए उनको भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जबकि विरोधी गुट भारत की अनदेखी करने की लाइन लेते हैं।

मालदीव-प्रकरण इसी का ज्वलंत उदाहरण है। नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ‘इंडिया आउट’ के नारे के साथ चुनाव में उतरे थे। ऐसे में, वह भारत-विरोधी राजनीति का ही प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसमें उन्हें चीन जैसी ताकतों का सहारा मिल रहा है। मुइज्जू ने पद संभालते ही सबसे पहले 75 भारतीय सैनिकों को वापस लौटाने की बात कही, फिर भारत के साथ किए गए कई समझौतों से पीछे हटने की बात की। मालदीव पर चीन का बड़ा कर्ज है। मुइज्जू अभी चीन की यात्रा पर हैं, जबकि पूर्व के सभी राष्ट्रपति चुनाव के बाद पहले भारत आते थे। हालांकि, ऐसा करते हुए वह शायद भूल गए कि मालदीव और भारत में अच्छे रिश्ते रहे हैं। चुनाव में भी उन्हें इसलिए जीत मिली, क्योंकि भारत का साथ चाहने वाले राजनीतिक दलों में एकता नहीं बन सकी। इतना ही नहीं, मालदीव जाने वाले पर्यटकों में सबसे अधिक संख्या भारतीयों की है। हर साल करीब दो लाख भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचते हैं, जिसके बाद रूस और चीन का स्थान आता है। ताजा विवाद के बाद कई भारतीयों ने मालदीव न जाने की इच्छा प्रकट की है। यह माले के लिए सुखद स्थिति नहीं होगी, खासकर यह देखते हुए कि उसकी जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र की हिस्सेदारी 60 फीसदी है।



दरअसल, पड़ोसी देशों के साथ भारत की विदेश नीति के तीन उद्देश्य हैं। पहला, सुरक्षा। भारत पड़ोसी देशों में भी सुरक्षा और स्थायित्व का पक्षधर है। इसका मतलब है कि पड़ोसी देशों में आंतरिक असुरक्षा तो न ही हो, साथ ही, अन्य देशों की वहां मौजूदगी से भारत व स्वयं उस देश को कोई खतरा न हो। दूसरा उद्देश्य है, आर्थिक विकास। भारत अपने साथ-साथ पड़ोसी देशों का विकास भी चाहता है। अगर पड़ोसी देशों में आर्थिक अस्थिरता आती है, तो स्वाभाविक ही भारत के सामने भी चुनौतियां बढ़ सकती हैं। जैसे, श्रीलंका में आर्थिक संकट गहराने से भारत में शरणार्थी समस्या बढ़ सकती है या फिर बांग्लादेश का संकट हमारे लिए सुरक्षा चिंता व मजहबी कट्टरता का जोखिम पैदा कर सकता है। तीसरा उद्देश्य है, राजनीतिक स्थिरता। अगर यह स्थिरता बेपटरी होगी, तो दक्षिण एशिया की राजनीति में बाहरी हस्तक्षेप बढ़ेगा, जिससे भारत के खिलाफ खतरे बढ़ने का अंदेशा गहरा सकता है।

भारत इन्हीं नीतियों पर आगे बढ़ रहा है। हालांकि, मालदीव के साथ ताजा विवाद में उसे कुछ सतर्क रहने की जरूरत है। दरअसल, मालदीव में करीब 98 फीसदी आबादी सुन्नी मुसलमानों की है और पाकिस्तान काफी दिनों से वहां अलगाववाद को खाद-पानी देने का प्रयास कर रहा है। मालदीव पर ज्यादा दबाव बनाने से पाकिस्तान को अपना हित साधने का मौका मिल सकता है। इससे वहां भारत-विरोधियों को मौका मिल जाएगा, जो भारतीय कूटनीति के लिए ठीक नहीं।

रही बात बांग्लादेश की, तो वहां पर भी भारत उसी जमात के साथ है, जो प्रगतिशील है। बीएनपी जैसी पार्टियों ने वहां चुनावों का बहिष्कार जरूर किया, लेकिन यह उनकी मजबूरी भी थी। अवामी लीग ने नई दिल्ली के साथ मिलकर अवाम का विश्वास जीता है। आज बांग्लादेश में भारत कई परियोजनाएं चला रहा है, जिससे वहां आर्थिक समृद्धि आई है। मानव विकास के सूचकांकों में तो उसका प्रदर्शन दक्षिण एशियाई देशों में काफी बेहतर है। इससे वहां भारत-विरोधी भावना स्वतः कमजोर हो जाती है। उम्मीद है कि शेख हसीना की वापसी से हमारा रिश्ता और मजबूत बनेगा।

वास्तव में, दक्षिण एशिया में पाकिस्तान ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसका जन्म भारत-विरोध के नाम पर हुआ है। उसके राजनीतिक दल भारत-विरोधी मुद्दे को ही आगे बढ़ाते हैं और अपने सियासी फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। उसकी फौज भी भारत-विरोधी राग अलापती है। अगले महीने वहां भी आम चुनाव होने वाले हैं, और कयास यही है कि वही दल सत्ता में बैठेगा, जिसे फौज का साथ मिलेगा। परोक्ष रूप से भारत-विरोधी सोच ही वहां सत्ता में आएगी।

ऐसे में, हमें पड़ोसी देशों के प्रति अपनी नीति का विश्लेषण करना चाहिए, जो हम वक्त-वक्त पर करते भी रहे हैं। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पड़ोसी देशों के साथ सह-अस्तित्व की वकालत करते थे, जबकि इंदिरा गांधी पारस्परिक संबंधों की। 90 के दशक के बाद, जब शीत युद्ध का अंत हुआ, प्रधानमंत्री इंदर कुमार गुजराल ने सुनिश्चित किया कि पड़ोसी देशों को उनकी अपेक्षा से अधिक दिया जाए। इसका लाभ भी हमें मिला। बांग्लादेश के साथ गंगाजल संधि और नेपाल के साथ महाकाली समझौता इसी की देन है। मनमोहन सिंह भी इसी नीति पर आगे बढ़े। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘पड़ोसी प्रथम’ पर भरोसा किया है। इसके तहत बहुपक्षीय संगठनों की वकालत की गई और बुनियादी ढांचे के विकास पर काम शुरू किया गया। संसाधनों के बंटवारे की बात हो या आपसी समझ बनाने की, पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने के लिए समग्र प्रयास किए गए हैं।

मगर दिक्कत यह है कि पड़ोसी देशों में हमारी कई परियोजनाएं देरी से चल रही हैं, जिनमें तेजी लानी होगी। इसी तरह, हमें राष्ट्रीय हितों को स्थानीय हितों से अधिक तवज्जो देना होगा। मसलन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तालमेल नहीं बन पाने के कारण तीस्ता जल समझौता नहीं हो सका। सरकार के स्तर पर तो हमने पड़ोसी देशों के साथ कई तरह के संबंध बनाए हैं, अब आम लोगों के स्तर पर संबंधों को आगे बढ़ाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण है, आम जनमानस की सोच बदलना। मालदीव में ‘इंडिया आउट’ इसलिए चर्चित हुआ, क्योंकि सोशल मीडिया पर इसे खूब प्रसारित किया गया था। अगर दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत होते, तो भारत-विरोधी ऐसी सोच परवान ही नहीं चढ़ पाती।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# एक विशाल दुनिया में हिंदी बिना नहीं चलता कोई काम

प्रयाग शुक्ल, कवि और कला मर्मज्ञ

बहुत पहले ही महाकवि रविंद्रनाथ टैगोर ने यह बात कही थी कि राष्ट्र को जोड़ने वाली भाषा हिंदी ही हो सकती है। उनका सोचना कितना सही था! टैगोर या गांधी, ये सब बहुत दूरदर्शी लोग थे, जिन्होंने अहिंदीभाषी होते हुए भी बहुत पहले ही हिंदी की ताकत का अंदाजा लगा लिया था। आज बाजार से ही हिंदी की बात शुरू करें, तो सारे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड जानते हैं कि हिंदी के बिना काम नहीं चलेगा। चूंकि हिंदी बोलने वालों का बाजार बहुत बड़ा है, तो हिंदी भाषी समाज भी पूरी दुनिया में फैलता जा रहा है और दूसरे समाजों में भी हिंदी का प्रसार तेज हुआ है। दुनिया में हिंदी की क्या स्थिति है, इसका अनुमान आप इससे लगा सकते हैं, अकेले अमेरिका के 12 विश्वविद्यालयों और 40 से ज्यादा कॉलेजों में हिंदी पढ़ाई जाती है।

मैं बुडापेस्ट, हंगरी गया था, वहां टैगोर पर बड़ा आयोजन हुआ था। वहां के विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में जाना हुआ, वहां यह भाषा बहुत अच्छी बोली जा रही थी। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन इत्यादि में हिंदी रचनाओं के खूब अनुवाद हुए हैं। हिंदी लेखिका गीतांजलि को बूकर मिलना तो एक बहुत बड़ी घटना है और एक सबक भी कि अगर अच्छे अनुवाद हों, तो हिंदी किसी दिन नोबेल पुरस्कार की अधिकारी बन सकती है। मुझे याद है, जब निर्मल वर्मा संसार में नहीं रहे, तब गुंटर ग्रास जैसे बड़े जर्मन लेखक ने उन पर श्रद्धांजलि लेख लिखा था। जापान में भी मैं एक विश्वविद्यालय के बुलाने पर गया था, वहां हिंदी विभाग में सारी कार्यवाही हिंदी में ही होती है। दुनिया के अनेक देशों में लोग आज हिंदी की सेवा में लगे हैं। मिसाल के लिए, दिव्या माथुर हैं लंदन में, वर्षों से ऑनलाइन कार्यक्रम करती हैं और हिंदी के लेखक उनसे जुड़ते रहते हैं। ऐसे आधुनिक जुड़ाव की अब अपनी भूमिका है।



हां, हिंदी के विविध रूप हैं। हर बड़ी भाषा के साथ ऐसा ही होता है। बड़ी भाषाएं अशुद्ध रूप में भी दुनिया में इस्तेमाल होती हैं। चिंता की बात नहीं, आज कहीं अगर अशुद्धता है, तो वहां देर-सबेर शुद्धता भी आएगी।

बहरहाल, विश्व में हिंदी की बात चले, तो हिंदी सिनेमा को नहीं भुलाया जा सकता। हिंदी फिल्में दुनिया के कोने-कोने में देखी जाती हैं, दुनिया की तमाम बड़ी फिल्में हिंदी में डब की जाती हैं। हिंदी फिल्मों के गाने दुनिया भर में न जाने कितने उत्सवों में गाए-बजाए जाते हैं और तब लोगों के चेहरों पर जो खुशी होती है, वह दरअसल हिंदी की बहुमूल्य पूंजी है। दुनिया भर में हिंदी सुख और खुशी का माध्यम बनती जा रही है।

एक और बात गौर करने की है कि हमारे तमाम महान गायकों-संगीतकारों ने शास्त्रीय संगीत के माध्यम से भी दुनिया भर में जगह-जगह हिंदी को गाया-सुनाया है। दुनिया के न जाने कितने घरों में भीमसेन जोशी के पद गूंजते हैं, कुमार गंधर्व के साथ सुबह होती है। आज हिंदी समाज और हिंदी लेखकों को आप कतई कमतर नहीं आंक सकते। हिंदी में अनेक रचनाकार हैं, जो नोबेल योग्य रहे हैं, कुछ नाम गिनाएं, तो प्रेमचंद, प्रसाद, निराला, महादेवी, पंत, अज्ञेय, रेणु, निर्मल वर्मा, कृष्णा सोबती, ये सब विश्वस्तरीय हैं। हिंदी में ऐसे अनेक लेखक हैं, जो दुनिया के अनेक देशों में बार-बार बुलाए जाते हैं।

बहरहाल, हिंदी को अभी तक नोबेल नहीं मिला है। बुनियादी रूप से हिंदी को लेकर अभी भी जैसा सांस्कृतिक परिवेश चाहिए, वह नहीं बना है, पर वह बनेगा जरूर और वह बनने की प्रक्रिया में है। ऐसा भी नहीं है कि हिंदी के परिवेश ने नोबेल विजेता लेखक नहीं दिए हैं। त्रिनिदाद में जन्मे नोबेल विजेता अंग्रेजी लेखक वी एस नायपॉल ने लिखा है कि बचपन में वह हिंदी खूब सुनते थे, उनकी दादी, मामा, मौसियां हिंदी बोलती थीं। अतः यह बिल्कुल सही मांग होगी कि नोबेल के स्तर पर भी हिंदी को मान्यता मिले। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस भाषा को स्वीकार किया है। हिंदी की तुलना में कम लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं के लेखकों को भी नोबेल मिला है। जब किसी भाषा के लेखक को सम्मान मिलता है, तो उस लेखक और उस भाषा के अन्य तमाम लेखकों के प्रति दुनिया भर में दिलचस्पी बढ़ती है। एक दिन हिंदी के साथ भी ऐसा ही होगा और हिंदी ज्यादा सशक्त स्वरूप में स्वीकार की जाएगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नयी रणनीति बने पर्यटकों को लुभाने की

जयंतीलाल भंडारी

यकीनन 8 जनवरी को गूगल सर्च पर भारत के लक्षद्वीप की खोज 20 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए लक्षद्वीप विश्व पर्यटन मानचित्र पर छाते हुए दिखाई दिया है। इसके पीछे घटनाक्रम यह है कि चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समुद्र से घिरे और खूबसूरत लक्षद्वीप पर पहुंचे थे। यहां से उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर कीं और भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने की अपील करते हुए कहा कि जो लोग रोमांच को पसंद करते हैं उनके लिए लक्षद्वीप टॉप लिस्ट में होना चाहिए। वस्तुतः अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश माना गया कि लक्षद्वीप के शानदार समुद्र तट प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ शांति के मामले में भी मालदीव को टक्कर देते हैं। ऐसे में कम समय व कम खर्च में मालदीव जैसा आनंद लक्षद्वीप में क्यों नहीं?

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप का दौरा करके भारत से बेरुखी और चीन के प्रति बार-बार प्यार दिखा रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को नई पर्यटन चुनौती का झटका देने का संदेश दिया।

दुनिया में पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध देशों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़ लगी हुई है। ऐसे में लक्षद्वीप का यह हालिया पर्यटन घटनाक्रम और ऐसे ही घरेलू पर्यटन स्थलों को रेखांकित करते हुए नए रणनीतिक प्रयास करने होंगे। ऐसे प्रयास न केवल भारतीय पर्यटकों के विदेशी पर्यटन स्थलों की ओर बढ़ते प्रवाह को कम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, वरन दुनिया के कोने-कोने के देशों के पर्यटकों के कदमों को भारत की ओर मोड़ने में भी प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।



पिछले दिनों श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया ने भारतीय पर्यटकों को तेजी से आकर्षित करने तथा पर्यटन से विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाने के मद्देनजर वीजा मुक्त प्रवेश की पहल की है। ऑस्ट्रेलिया वियतनाम और रूस सहित कुछ अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी अधिक से अधिक भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वीजा की प्रक्रिया आसान बनाई गई है। वस्तुतः अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के कई देशों के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी और चीन से आने वाले पर्यटकों की संख्या कम होने के कारण भी ये देश विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की नई रणनीतियां प्रस्तुत कर रहे हैं।

इतना ही नहीं, दुनिया के पर्यटन प्रधान देशों द्वारा विदेशी पर्यटकों से संबंधित उन शोध अध्ययनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनमें कहा जा रहा है कि भारतीय मध्यम वर्ग की तेजी से बढ़ती क्रय शक्ति के कारण उनमें विदेश यात्रा की ललक और अभिरुचि बढ़ी है। साथ ही भारतीय पर्यटकों के लिए भारत के कोने-कोने के अच्छे पर्यटन स्थल महंगे और मुश्किल भरे हुए हैं। ऐसे में भारतीयों की छलांगें लगाकर बढ़ती हुई पर्यटन संभावनाओं के मद्देनजर भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए हरसंभव प्रयास करते हुए सस्ते और सुगम पर्यटन की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थिति यह है कि चाहे दुनिया में सबसे अधिक विदेशी पर्यटकों के लिए रेखांकित हो रहे फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली हों या फिर सिंगापुर, वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, हांगकांग, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) जैसे छोटे-छोटे देश हों, ये सभी देश पर्यटन के लिए बुनियादी ढांचा, सुगमता, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के लिए पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) रैंकिंग में ऊंचाई पर हैं। साथ ही ये देश अपने यहां कुछ अनूठी विशिष्टताओं को विकसित करके विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के मामले में भारत से बहुत आगे हैं।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय पर्यटकों की विदेश यात्राओं के दौरान किए जाने वाले खर्च का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, दूसरी ओर विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में किए जाने वाले खर्च के ग्राफ की वैसी ऊंचाई नहीं है। विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में खर्च 2019 से 76 फीसदी की वृद्धि के साथ 2027 तक करीब 60 अरब डॉलर पर पहुंचते हुए दिखाई देगा इसके परिणामस्वरूप भारत विदेशी पर्यटकों से कमाई के मामले में दुनिया के प्रमुख 10 बाजारों में शामिल नहीं हो पाएगा।

यदि हम बर्नस्टीन की इस रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो पाते हैं कि यद्यपि भारत में भी कोविड-19 के बाद विदेशी पर्यटक बढ़ रहे हैं और विदेशी पर्यटकों से आमदनी बढ़ रही है, लेकिन विदेश जाने वाले भारतीयों द्वारा विदेश भ्रमण में किए जा रहे भारी-भरकम व्यय की तुलना में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों से भारत की आमदनी बहुत कम है। अभी भी दुनिया के कुल विदेशी पर्यटकों का दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है। निःसंदेह जहां एक ओर भारतीयों का विदेशी पर्यटन की तरफ तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप देश में विदेशी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन के व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वैश्विक पर्यटन सोच के साथ आकार दिया गया है। बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क से भी विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। कश्मीर सहित देश के कोने-कोने के पर्यटन केंद्र अब पहले से अधिक सुरक्षित हैं। पर्यटन बजट में लगातार वृद्धि की गई है। खास बात यह भी है कि सरकार ने इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के कार्यसमूह की रणनीतिक रूप से देश के कोने-कोने में 80 से अधिक शहरों में आयोजित 200 से अधिक विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेने भारत आए विदेशी प्रतिनिधियों और विदेशी मेहमानों को भारत के पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाकर भारत के बेजोड़ पर्यटन केंद्रों के वैश्विक प्रचार-प्रसार का अभूतपूर्व मौका बनाया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों के बाद भी भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या अपेक्षित रूप से नहीं बड़ी है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट,
दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair
DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति
मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जिले के विभिन्न ग्रामों में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1266 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 154 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 55 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 92 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 84 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 48 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम लोंडी, पोंडी और बोड़की तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार, हथौद, अछोली और आसरा तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सनौद, ईरागुड़ा और चारभंठा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के 16 गांवों में पहुंचेगी आईईसी वैन

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 10 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलेपरस एवं आमागांव, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगवाल, बारवी, घोठा एवं कुल्हाड़कट्टा, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शाहावाड़ा एवं डोडकावाही, कांकेर विकासखण्ड के पुसावंड एवं अंजनी, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शंकरनगर, पाडेंगा, घोड़ागांव एवं जानकीपुर तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिहावापारा एवं मुसुरपट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### प्रशासन और पुलिस फील्ड में बेहतर तालमेल के साथ करें काम-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर जिले में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में कहा कि फील्ड में प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल के साथ काम करते दिखें और कानून व्यवस्था में कसावट लाएं। लॉ एंड ऑर्डर भंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। जिले वासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अनुभाग के एसडीएम और पुलिस अधिकारियों से वहां लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मसलों पर विस्तार से जानकारी ली।

# पीएम नरेन्द्र मोदी की सहृदयता से बिंझिया समाज को मिला न्यायः मुख्यमंत्री

- वर्षों के प्रयास से बिंझिया समाज को मिला जनजाति का दर्जा
- मां कुदरगढ़ी मंदिर में बनेगा रोप वे
- देवीपुर महामाया मंदिर से पंपापुर रोड चौड़ीकरण के लिए 4.5 करोड़ रुपए की मंजूरी
- देवीपुर से नौवापर मार्ग में जोगीगुड़ा नाले में पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ की स्वीकृति
- 50 सीटर बालिका छात्रावास की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सूरजपुर जिले के जमदेई में आयोजित 'अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन और अभिनंदन समारोह' को सम्बोधित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सहृदयता से बिंझिया जाति सहित 12 जातियों को जनजाति का दर्जा मिला। वर्षों से बिंझिया समाज जनजाति का दर्जा प्रदान करने के लिए मांग कर रहा था। उन्होंने कहा कि मांग के प्रति संवेदनशीलता दिखते हुए प्रधानमंत्री जी ने बिंझिया समाज सहित बारह जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किया, इन जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिला।





आज बहुत खुशी है कि बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बन रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार, सांसद रहते हुए मैंने स्वयं और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि आज इन वंचित समुदायों को उनका हक मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे जब केंद्र में राज्यमंत्री थे। तब उन्होंने लगातार बिंझिया समाज सहित 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए लगातार प्रयास किए थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा व राज्यसभा में इस वर्ग की पीड़ा और समस्याओं को संसद में जोर-शोर से उठाया गया ताकि आदिवासी भाई-बहनों के साथ न्याय हो सके। उन्होंने 12 जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद हमने 25 दिनों के भीतर ही पीएससी के घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। वायदे के अनुसार विवाहित माताओं को सालाना 12000 रुपए देने की महतारी वंदन योजना शुरू करेंगे, गरीबों को 500 में गैस सिलेंडर, गरीब भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाएगी। तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रूपए प्रति मानक बोरा के मान से की जाएगी। वनवासी भाईयों के हित में सब काम होंगे, एक लाख से ज्यादा बैकलॉग के पद खाली हैं उन्हें भी जल्दी ही भरेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने बहुत ज्यादा कर्ज से राज्य को लाद दिया है लेकिन हमारी नीति और नीयत सही है, हम सभी के हित में काम करेंगे। सरगुजा संभाग में मिले व्यापक जनसमर्थन को देखते हुए सरगुजा संभाग से तीन मंत्री बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना शुरू की। जिसके कारण लोगों को भूखे पेट नहीं रहना पड़ा, सभी को भोजन मिला डॉ. रमन सिंह चाउर वाले बाबा कहलाए। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में बिंझिया समाज ने आदिवासियों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री श्री साय का अभिनंदन किया और गदा भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के विकास के लिए 27 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और सहायता राशि के चेक वितरित किए। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरगुजा अंचल ने एक इतिहास रचा है, यहां की जनता ने जो आशीर्वाद दिया, आज सरगुजा का बेटा प्रदेश का मुखिया बना है, यह गर्व की बात है। डॉ सिंह ने कहा हमारे कार्यकाल में बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के मात्रात्मक त्रुटि के निराकरण करने के लिए विशेष प्रयास किए थे और उसी का परिणाम रहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 में इन वर्गों के साथ न्याय करते हुए इन जातियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किया। इस फैसले से इन जातियों के लगभग 25 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मात्रात्मक त्रुटि के कारण बिंझिया समाज के लोगों को जनजातियों को मिलने वाले लाभ नहीं मिल पा रहे थे।

इस समाज के लोगों ने भाव-विभोर होकर मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया। बिंझिया जाति को जनजाति का दर्जा दिलाने में प्रधानमंत्री मोदी का महत्वपूर्ण योगदान- समाज के महासम्मेलन में पहुंचे साठ वर्षीय श्री भगवान राम सिरदार व पैंसठ वर्षीय बेचन राम ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि बिंझिया समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने में महत्वपूर्ण योगदान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का है।

### जमदेई में 20 लाख रूपए की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर मां कुदरगढ़ी मंदिर में रोप वे की स्वीकृति की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने देवीपुर महामाया मंदिर से पंपापुर रोड चौड़ीकरण के लिए 4.5 करोड़ रुपए, देवीपुर से नौवापर मार्ग में जोगीगुड़ा नाले में पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ रूपए की स्वीकृति, 50 सीटर बालिका छात्रावास की मंजूरी तथा जमदेई में 20 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मोदी जी की गारंटी में किए गए हर वायदे को पूरा करेंगे। हमने शपथ ग्रहण करने के बाद केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने की स्वीकृति का ऐतिहासिक निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की शुरूआत की। दूसरा वायदा पूरा करते हुए सुशासन दिवस के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस की 3716 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया। मोदी जी की गारंटी के तहत किसानों के धान को 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 3100 रुपये प्रति किवंटल की दर से खरीद रहे हैं।

# नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा से चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा जी से सौजन्य मुलाकात कर बाजारों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की।



श्री पारवानी जी ने बताया कि बाजार के अंतर्गत आने वाले परंपरागत बाजारों को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक सुविधाओं जिसमें यातातात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा एवं सीसीटीवी व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बाजारों की आवश्यकतानुसार सफाई एवं अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था, खम्बों से लगे हुए अव्यवस्थित तारों को व्यवस्थित/भूमिगत करने के साथ बाजार में महिलाओं और पुरुषों हेतु पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था आदि पर चर्चा हुई साथ ही रायपुर होलसेल फुट्वेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष तनेश आहूजा एवं द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा ने बाजार से संबंधित सुझाव रखे। अविनाश मिश्रा जी ने उक्त चर्चा पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की टीम चेम्बर पदाधिकारियों के साथ बाजारों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे । इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, जय नानवानी, मंत्री अमित अग्रवाल, मालवीय रोड जवाहर बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुभाष बजाज, रायपुर होलसेल फुट्वेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष तनेश आहूजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान जारी है। इसके तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने,हटाने एवं संशोधन का कार्य जारी है।लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करने विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में छुरा के स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का संदेश दिया। इसके अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए स्थानीय बोली में मुनादी भी की जा रही है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों देवभोग, झाराबहाल, मखागुड़ा एवं सहसखोल, आदि क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ ओड़िया भाषा में भी मतदाता जागरूकता तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मुनादी की जा रही है।

स्कूली बच्चों द्वारा निकाले गये रैली में जागरूकता संदेश से संबंधित बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स के द्वारा लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का संदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता रैली में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे 'नागरिकों की है पहचान, सबसे पहले मत का दान', 'सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है', 'आओ मिलकर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान कराएं' जागरूक करने और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का संदेश दिया।

# विकसित भारत योजना और पीएम जनमन योजना का गंभीरता पूर्वक करे क्रियान्वयन - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में पदभार ग्रहण करने पश्चात आज समय सीमा की पहली समीक्षा बैठक ली ।उन्होंने सभी जिला अधिकारियों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली। साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जनमन योजना सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

इन योजनाओं का जिले में गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन किया जाए। सभी अधिकारी कर्मचारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होंने इन योजनाओं में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों को



तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएफ्ओ मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एडीएम अविनाश भोई सहित एसडीएम और विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत अब तक आयोजित किए जा चुके शिविर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी शिविरों में अधिक से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होने आए लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाई वितरण, टीबी एवं सिकल सेल जांच भी करने के निर्देश दिए ।जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर से लाभान्वित होंगे ।उन्होंने शिविर में उज्जवला योजना पंजीयन, केसीसी कार्ड,आयुष्मान कार्ड भी हितग्राहियों का सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी,धरती कहे पुकार के एवं क्विज प्रतियोगिता भी सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यों तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने इसके तहत जिले के चिन्हांकित 199 बसाहटों में निवासरत पीवीटीजी कमार सदस्यों को शिक्षा,स्वास्थ्य, पोषण, सड़क,संचार,बिजली,पेयजल एवं आवास आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 21 जनवरी को इसके दो दिन पहले जारी होंगे एडमिट कार्ड

**रायपुर (ए)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) 21 जनवरी को आयोजित की जाएगी। इसके एडमिट कार्ड परीक्षा के दो दिन पहले जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा हिंदी, इंग्लिश समेत 20 अलग-अलग भाषाओं में होगी। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग समेत के देशभर के 135 शहरों में इसका आयोजन किया जाएगा। कक्षा पहली से पांचवीं और छठवीं से आठवीं में अध्यापन की पात्रता के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। क्लास 1 से 5 के लिए पेपर-1 और क्लास 6 से 8 के लिए पेपर-2 होगा। परीक्षा पेन और पेपर मोड में होगी।

प्रवेश पत्र को लेकर जानकारी वेबसाइट ctet.nic.in. पर जारी होगी। जानकारी के मुताबिक सीटेट क्वालिफाई करने वाले अभ्यिर्थयों को केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय समेत स्कूलों में अध्यापन की पात्रता होगी। गौरतलब है कि सीटेट अगस्त, 2023 के तहत पेपर वन की परीक्षा के लिए 1501474 अभ्यिर्थयों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 1213704 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 298758 क्वालिफाई हुए थे। इसी तरह पेपर-2 के लिए 1402022 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1166178 परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 101057 क्वालिफाई हुए।

### अंग्रेजी और गणित में कठिन सवाल घटे तो 8 साल में दसवीं का रिजल्ट 75 फीसदी पार

**रायपुर (ए)।** दसवीं-बारहवीं की सीजी बोर्ड परीक्षा नजदीक है। इस बीच तनाव कम करने वाली खबर है। दसवीं-बारहवीं में पास होने वाले छात्रों की साल दर साल बढ़ रहा है।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में अंग्रेजी व गणित में कठिन सवालों की संख्या कम हुई है। इंग्लिश के 75 नंबर के पेपर में 36 प्रतिशत यानी 27 नंबर के सवाल आसान और 48 फीसदी यानी 36 नंबर के सवाल औसत दर्जे के पूछे जाते हैं। जबकि पास होने के लिए 33 फीसदी यानी 25 नंबर जरूरी है। इसी तरह मैथ्स के पेपर में 30 फीसदी सरल और 50 फीसदी औसत प्रश्न आ रहे हैं। इसका असर रिजल्ट पर दिखा है। आठ वर्ष पहले दसवीं का रिजल्ट 55.32 प्रतिशत था। जो अब बढ़कर 75 पार हो गया है। जानकारों का कहना है कि दसवीं में ज्यादातर छात्रों के लिए इंग्लिश व मैथ्स का पेपर ही टफ रहता है। सरल और औसत सवालों की संख्या अधिक होने से रिजल्ट बेहतर हो रहा है। छात्र यदि थोड़ा और ध्यान दें तो पास होने वाले छात्रों की संख्या और बढ़ेगी। उधर, पिछले आठ बरसों दसवीं का रिजल्ट 19.73 प्रतिशत और बारहवीं का रिजल्ट 6.96 प्रतिशत बढ़ा है। भास्कर ने बोर्ड एग्जाम के नतीजों का एनालिसिस किया। इससे पता चला कि दसवीं का रिजल्ट वर्ष 2016 में 55.32 फीसदी था। वह 2023 में बढ़कर 75.05 प्रतिशत हो गया। कोरोना काल 2021 में दसवीं के एग्जाम नहीं हुए। असाइनमेंट के आधार पर नतीजे जारी किए गए। उक्त वर्ष रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

# जो लगातार सीखते रहेंगे वही असली विजेता बनेंगे: राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

## सब-जुनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन 40वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब-जुनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो लगातार सीखते रहेंगे वही असली विजेता बनेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ द्वारा राज्योत्सव मैदान साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आज राज्यपाल हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में कंपाउंड आरचरी के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मामले और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।




श्री हरिचंदन ने प्रतियोगियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी तीरंदाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और भविष्य के चौंपियन बनकर उभरे है, लेकिन जो सफल नहीं हो पाये वे चुनौतियों का सामना करते हुए सर्वश्रेष्ठ की ओर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

श्री हरिचंदन ने कहा कि महाभारत और रामायण ग्रंथों में तीरंदाजी का विशेष उल्लेख है। उन्होंने महाभारत ग्रंथ में वर्णित अर्जुन और गुरू द्रोणाचार्य के बीच हुये संवाद का जिक्र किया जिसमे अर्जुन को शिक्षा दी थी कि किस तरह अपने लक्ष्य पर निगाह रखते हुए उसे भेदना है। श्री राम भगवान के जैसा कोई तीरंदाज नहीं हुआ। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। विभिन्न खेलो के साथ-साथ तीरंदाजी में भी हमारे देश ने दुनिया का ध्यान खींचा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारे देश के तीरंदाजो ने देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी खेल के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है और सरकार द्वारा भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा वर्ष 2047 तक खेल के क्षेत्र में भी भारत विकसित बनेगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खेलों में भाग लेना आवश्यक है और खेलने वाले ही विजेता होते हैं। वनवासी समाज तीरंदाजी खेल में निपुण हैं। आदिवासी बच्चों को आधुनिक तीरंदाजी खेल की तकनीक में निपुण बनाया जाना चाहिए। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया ।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने दिया। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, तीरंदाजी संघ के सुभाष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी, देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए कोच, रेफरी, खिलाड़ी बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के 43 शिविर के माध्यम से 2 लाख से ज्यादा नागरिकों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। नगर पालिक निगम रायपुर के विभिन्न वार्डों में विगत 16 दिसम्बर 2023 से 6 जनवरी 2024 तक 43 स्थानों पर शिविर लगाये गये। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आयोजित किये जा रहे इन शिविरों में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, संस्कृति पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर जन समूह को शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नगर निगम के दूरस्थ इलाकों में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन अवश्य हो।



इन शिविरों में 2 लाख 10 हजार 777 नागरिको ने पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत, आधार कार्ड, पीएम उज्जवला, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। 43 स्थानों पर लगाये गये शिविर में पीएम स्वनिधि से पात्र 2827 हितग्राही, आयुष्मान भारत से 3989, पीएम उज्जवला योजना से 10663, पीएम विश्वकर्मा योजना से 10401 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से 1269 पात्र हितग्राही लाभान्वित किये गये। साथ ही 5839 नागरिकों का आधार कार्ड अपडेट किया गया। 43 शिविरों में लगाये गये नि:शुल्क स्वास्थ्य केंद्र में 34471 नागरिको का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श सहित नि:शुल्क दवाईयां शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थल पर उपलब्ध करवायी गयी। केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के शिविरों में 25 हजार से अधिक नागरिको ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने संकल्प लिया। शिविर स्थल पर 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम के तहत 2281 लाभार्थी नागरिको ने स्वयं उन्हें प्राप्त शासकीय लाभ के संदर्भ में आमजनों को जानकारी देकर अवगत कराया। वहीं शिविरों में 3310 नागरिकों ने केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा में केन्द्र की लोकहितैषी योजनाओं के संदर्भ में क्वीज स्पर्धा में भाग लिया।

# वन मंत्री केदार कश्यप से नारायणपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों ने की सौजन्य मुलाकात



- नारायणपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों ने की सौजन्य मुलाकात
- स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था किया जाएगा दुरुस्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता और कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप से उनके राजधानी रायपुर स्थित निवास में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सौजन्य मुलाकात की। मंत्री कश्यप से ओरछा व छोटेडोंगर से आये लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। वनमंत्री कश्यप ने क्षेत्रवासियों की सभी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना और इस संबंध में आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र की सभी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने इस अवसर पर बताया कि पिछले 5 वर्ष से नारायणपुर क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ गया है। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ रोजगार के लिए पहल जरूरी है।

# राजधानी का गढ़कलेवा अब और भी बनेगा आकर्षक

- आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने दिए गढ़कलेवा में आकर्षक सजावट और परिसर की साफ-सफाई के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी व्यंजन के लिए मशहूर राजधानी का गढ़कलेवा अब और अधिक आकर्षक और सुविधायुक्त बनेगा। आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम गढ़कलेवा पहुंचकर जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के



साथ ही अन्य प्रदेशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। छत्तीसगढ़ी खान-पान से उन्हें परिचित कराने के लिए यहां और सुविधाएं बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि गढ़कलेवा परिसर में साफ-सफाई के साथ-साथ आकर्षक कलाकृतियों से सजावट की जाए।

आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने गढ़कलेवा में आम नागरिकों, युवाओं और प्रबुद्धजनों के साथ चिला, फरा, लाई के लड्डू, ठेठरी, खुरमी सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद लिया। मंत्री नेताम ने अलग-अलग स्टालों में जाकर तैयार हो रहे व्यंजनों की जानकारी ली। उन्होंने गढ़कलेवा के प्रबंधकों सहित कर्मचारियों, दीदियों से चर्चा कर यहां बिक्री होने वाले व्यंजनों के बारे पूछा। उन्होंने गढ़कलेवा को आकर्षक बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

श्री नेताम ने गढ़कलेवा संचालित कर रहे स्व-सहायता समूह के प्रबंधकों से कहा कि नाश्ता और खाना में दोना-पत्तल का इस्तेमाल किया जाए। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने गढ़कलेवा परिसर में ऐतिहासिक कलाकृतियों को स्थापित कर गढ़कलेवा को और खुबसूरत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान परिसर स्थित छत्तीसगढ़ पर्यटन सूचना केन्द्र के पर्यटन अधिकारी दिनेश जांगड़े ने मंत्री नेताम को जुट बेग भेंट किया। इस मौके पर आदिम जाति और संस्कृति विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# योग, ध्यान और साधना का अभ्यास करने हरिद्वार से गायत्री शक्तिपीठ पहुंचे 105 छात्र

**रायपुर।** हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय से 105 छात्र इंटर्नशिप के लिए रायपुर पहुंचे हैं। इनमें 60 छात्र-छात्राएं उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और बिहार के हैं। 45 बच्चे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के हैं। फिलहाल समता कॉलोनी के गायत्री शक्तिपीठ में व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन कर इन्हें सप्त-सूत्री अभियान के तहत योग, ध्यान और साधना का अभ्यास कराया जा रहा है। पिछले वर्ष इंटर्नशिप के लिए 150 बच्चे यहां आए थे। देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा हर साल वहां अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप के लिए अलग-अलग राज्यों के शक्तिपीठों में भेजा जाता है। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने कहा कि अलग-अलग समाजों के प्रतिनिधियों, स्कूल-कॉलेजों के छात्रों और विभिन्न सामाजिक समूहों के साथ व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा होती है। ट्रेनर बच्चों को योग के जरिए निरोग रहने के तरीकों के साथ नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# हॉल्टर नेक टॉप में अमला पॉल ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप, पालतू बिल्ली के साथ दिए जमकर पोज

हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा करने वाली एक्ट्रेस अमला पॉल ने नए साल के लिए एक मजेदार वीडियो साझा किया, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। उन्होंने कहा, वह सितारों तक पहुंच रही हैं। 4 जनवरी को, अमला और उनके पति जगत देसाई ने अपने प्रेग्नेंसी फोटोशूट शेयर किया और बताया कि वे अपने पहले बचे की उम्मीद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक रील शेयर की, जिसमें वह ग्रीन कलर का हॉल्टर नेक टॉप और ऑरेंज जॉगर्स पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने ग्रीन कलर के हेडबैंड और मिनिमल नेक पीस के साथ लुक को पूरा किया। अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करते हुए, अमला ने अपनी पालतू बिल्ली लोकी के साथ कई पोज दिए। वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- धरती पर जड़ें जमाना, सितारों तक पहुंचना। अमला और जगत ने नवंबर 2023 में केरल के कोचि में शादी की थी। उनकी पहली शादी डायरेक्टर एएल विजय से हुई थी, लेकिन 2017 में उनका तलाक हो गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्होंने मलयालम फिल्म नीलाथमारा से एक्टिंग की शुरुआत की। उन्हें आखिरी बार भोला में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म आदुजीविथम और द्विज पाइपलाइन में हैं।

# अजय देवगन ने मुंबई में रेड 2 की शूटिंग की शुरू



बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म 2018 की रिलीज रेड का सीक्वल है। एक्टर अगले सीक्वल के लिए निर्देशक राज कुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शनिवार को मुंबई में शुरू हुई और इसे दिल्ली, मुंबई, यूपी और राजस्थान में शूट किया जाएगा। फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने अपने एक्स पर अपडेट साझा किया- अजय देवगन रेड 2 की शूटिंग आज से शुरू कर रहे हैं... 15 नवंबर 2024 को फिल्म रिलीज होगी... आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक वापस आ गए हैं... अजय देवगन रेड (2018) के अगले सीक्वल रेड-2 के लिए निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़े हैं। उन्होंने आगे लिखा- फिल्म की शूटिंग आज मुंबई में शुरू हो रही है और इसे बड़े पैमाने पर मुंबई, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में शूट किया जाएगा। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार कर रहे हैं। फिल्म सिनेमाघरों में 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी। एक्टर अगले सीक्वल में आईआरएस आयकर उपायुक्त अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे। रेड 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई वास्तविक आयकर छापेमारी पर आधारित है, जिसने 3 दिन और 2 रातों तक चलने वाली भारतीय इतिहास की सबसे लंबी छापेमारी के रूप में खुद को दूसरों से अलग किया।

# सर्दी में पीनी है रम तो जरूर अपनाएं ये नियम यकीनन बेहद काम आएंगे खास टिप्स

सर्दियों के मौसम में जब तापमान गिरने लगता है, तब अकसर लोग अपने शरीर को गर्म रखने के लिए अल्कोहल का सहारा लेते हैं। खासकर के ठंडे प्रदेशों में रम काफी पसंद किया जाता है। रम का सीमित मात्रा में किया जाए तो यह फायदेमंद भी होता है। रम में उच्च अल्कोहल की मात्रा होती है जो पीने पर शरीर को अंदर से गर्म करती है। जिससे हमें कुछ समय के लिए गर्माहट महसूस होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रम पीते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। नहीं तो यह फायदे के जगह नुकसान पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं यहां कुछ खास टिप्स।



## जानें कितनी मात्रा में पिएं

एक दिन में 1 से 2 पेग यानि 30 से 45 मिलीलीटर से अधिक रम पीने से बचना चाहिए। ज्यादा मात्रा में रम पीने से नशे की हालत, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके साथ ही लिवर और किडनी पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। इसलिए सलाह यही है कि रम का आनंद लें लेकिन सीमित मात्रा में ही ताकि आपको किसी तरह का नुकसान न हो।

## सर्दियों में ठंडा रम न पिएं

सर्दियों में रम को कमरे के तापमान रख कर पिएं। बर्फ से ठंडा न करें। बर्फ से ठंडा किया गया रम बर्फ गले को ही ठंडा करता है। सर्दी जुकाम की समस्या होने लगती है। ऐसे में रम को ठंडा पीने से बचना चाहिए।

## रम को धीरे-धीरे पिएं

सर्दियों में रम को शरीर को गर्म रखने के लिए पीते हैं। नशे के लिए नहीं इसलिए रम को धीरे-धीरे घूंट घूंटकर पीना चाहिए, एक ही बार में ग्लास फिनिश न करें।

## खाली पेट रम पीने से बचें

खाली पेट रम पीने से बचें क्योंकि इससे नशा ज्यादा होता है और हैंगओवर की समस्या हो सकती है। खाली पेट रम पीने से शराब की मात्रा सीधे लिवर में पहुंच जाती है और लिवर पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। इससे लिवर को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही खाली पेट रम पीने के बाद उलटी-दस्त, चक्कर आने जैसी समस्याएं आम होती है और नशे की हालत भी जल्दी आ जाती है। इसलिए रम का सेवन करने से पहले कुछ हल्का-फुल्का खा लेना हमेशा बेहतर रहता है।

# फिल्म 'छावा' के लिए खूब पसीना बहा रहे विक्की कौशल साझा की वर्कआउट की तस्वीर



विक्की कौशल बॉलीवुड के चर्चित एक्टर हैं। फिल्मों में अपने किरदार वे बड़े शानदार तरीके से अदा करते हैं। बीते वर्ष दिसंबर में उनकी फिल्म 'सैम बहादुर' रिलीज हुई। देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानकेशॉ के जीवन पर आधारित इस फिल्म में विक्की की अदाकारी का हर कोई मुरीद हो गया। सैम मानेकशॉ का किरदार उन्होंने जीवंत कर दिया। एक्टर अब अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए वे जिम में जमकर पसीना बहा रहे हैं। एक्टर की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि किरदार में ढलने के लिए वे किस कदर मेहनत कर रहे हैं।

## जिम में बहा रहे पसीने

विक्की कौशल की आगामी फिल्म 'छावा' है। ये एक पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका अदा करेंगे। हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से विक्की ने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह वर्कआउट करते दिख रहे हैं। एक्टर वेट लिफ्टिंग करते दिख रहे हैं और वर्कआउट गोल्स पूरे करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ एक्टर ने कैप्शन लिखा है, 'छावा'।

## पहली बार कर रहे पीरियड ड्रामा फिल्म

फिल्म 'छावा' के जरिए विक्की पहली बार पीरियड ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं। एक्टर अपने किरदार की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। बीते दिनों इंटरव्यू के दौरान इस फिल्म के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा था, 'ये एक पीरियड ड्रामा फिल्म है और मेरे लिए ये पहला मौका है। हम इसे बहुत गंभीरता से बना रहे हैं। इसमें खूब सारा एक्शन है और भरपूर ड्रामा है। इमोशंस से भरपूर ये एक शानदार स्टोरी है'। रश्मिका मंदाना भी आएंगी नजर

विक्की कौशल ने कहा था कि वे एक्शन हीरो बनना चाहते हैं। फिल्म 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। विक्की कौशल के अलावा फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। वे फिल्म में येसुबाई भोंसले का रोल अदा करती दिखेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय खन्ना औरंगजेब के रोल में नजर आ सकते हैं। इनके अलावा आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता और प्रदीप सिंह रावत जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा होंगे।

# राजनीति में अपना करियर बनाना चाहते थे पंकज त्रिपाठी, एक घटना के बाद बदली अपनी राह

अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में कड़ी मेहनत के बाद एक अलग मुकाम हासिल किया है। अभिनेता ने अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। इन दिनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'मैं अटल हूं' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित है। अभिनेता अक्सर अपने जीवन से जुड़े दिलचस्प किस्से साझा करते रहते हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि बिहार में अपने शुरुआती दिनों के दौरान, उनका झुकाव राजनेता बनने की ओर था। उन्होंने एक घटना के बाद, राजनीति में अपना करियर बनाने की राह छोड़ दी।



## राजनेता बनना चाहते थे पंकज

पंकज ने बताया कि बिहार में हर कोई राजनेता बनना चाहता है। वे भी अपना करियर राजनीति में बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'बिहार में हर कोई राजनीति में अपना करियर बनाना चाहता है। उनकी तरह ही मैं भी राजनेता बनने की राह पर था। हालांकि, अपने शुरुआती दिनों में जब उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया गया, तो उन्होंने यह सपना छोड़ दिया।' पंकज ने इस बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने उस वक्त राजनीति में आने के बारे में कभी नहीं सोचा था। एक विचार था कि मैं इस लाइन पर आगे बढ़ सकता हूं, लेकिन फिर एक गिरफ्तारी हुई और पुलिस ने मुझे पीटा इसलिए मैंने राजनीति में आगे बढ़ने का विचार वहीं छोड़ दिया।

## इंडस्ट्री में ईमानदारी से किया काम

अभिनेता ने आगे कहा, 'राजनीति के अलावा उस समय मेरी रुचि थिएटर में भी थी। जब राजनीति के दरवाजे बंद हो गए, तो मैं अभिनेता बनने की ओर चल पड़ा।' उन्होंने अपने फिल्मी सफर के बारे में बात करते हुए कहा, इंडस्ट्री में मैंने सभी भूमिकाएं ईमानदारी और सम्मान के साथ निभाई हैं। मैंने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह मेरी कल्पना से परे है। मैं जीवनयापन के लिए मुंबई आया था, क्योंकि मैं अपने परिवार के लिए कमाना चाहता था। अगर हिंदी थिएटर में बेहतर वित्तीय रिटर्न होता, तो मैं यहां कभी नहीं होता।

# मैं मॉर्फिंग, डीपफेक वीडियो के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हूं : आराधना शर्मा

**अभिनेत्री आराधना शर्मा, जो आगामी वेब सीरीज वीडियो कैम स्कैम का हिस्सा हैं, ने बताया कि किस चीज ने उन्हें इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए आकर्षित किया, और बताया कि कैसे वह बढ़ती जागरूकता के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हैं। मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो जैसे चलन, जो लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आराधना ने सीरीज के बारे में बात करते हुए साझा किया कि शीर्षक आपको संकेत देता है कि इसमें वीडियो, एक कैमरा और एक घोटाले की कहानी शामिल है।**



वह कहती हैं, हालांकि, घोटाला सिर्फ वित्तीय नहीं है, यह आपके मूल्यों, नैतिकता और व्यक्तिगत अखंडता का शोषण करके आपको भावनात्मक रूप से भी निशाना बनाता है। यह मौजूदा एआई तकनीक द्वारा संचालित कैमरों और उन्नत वीडियो तकनीकों के उपयोग के जरिए किया जाता है। संक्षेप में, यह एक ऐसा कथानक है जो न केवल आपकी वित्तीय भलाई, बल्कि आपके भावनात्मक और नैतिक मूल्यों में भी हेरफेर करता है।

बरसातें की अभिनेत्री ने शो के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में कहा, वास्तव में, जिस चीज ने मुझे इस प्रोजेक्ट की ओर आकर्षित किया, वह यह है कि एक अभिनेत्री के रूप में मेरी भूमिका सिर्फ प्रदर्शन से परे है, यह जागरूकता बढ़ाने के बारे में है। मैं मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो जैसे बढ़ते रुझानों के बारे में जागरूकता फैलाने में विश्वास करती हूं, जो लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आराधना ने इसे एक सार्थक एजेंडे में योगदान करने के अवसर के रूप में देखा और इन मुद्दों को संबोधित करने वाली परियोजना का हिस्सा बनने में उद्देश्य की भावना महसूस की।

लोकप्रिय सिटकॉम तारक मेहता का उल्टा चश्मा का हिस्सा रह चुकीं दिवा ने अपने किरदार के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि वह एक अनैतिक हैकर है, जैसा आपने फिल्मों में देखा होगा, जो केवल पैसे के लिए प्यार से प्रेरित है। उन्होंने कहा, वह दौलत की भूखी एक कॉलेज ड्रॉपआउट है, लेकिन जो चीज मेरे किरदार को अलग करती है, वह है उसके अंदर की भावनाओं का स्पर्श। एक घोटालेबाज, अनैतिक और काफी खतरनाक होने के बावजूद, एक विशिष्ट भावनात्मक पक्ष है जो उसे कहानी के अन्य पात्रों से अलग बनाता है। पवन मालू द्वारा निर्मित, वैभव खिश्ती निर्देशित और अर्पित वगेरिया लिखित यह सीरीज एपिक पर स्ट्रीमिंग होगी।

# हिना खान ने रणबीर कपूर के गाने पहले भी मैं के ट्रैक पर बनाई स्विमिंग वीडियो

**तेज बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती होने के बाद एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर फिर से एक्टिव हो गई हैं। उन्होंने हाल ही में एक स्विमिंग वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पॉपुलर ट्रैक पहले भी मैं ऐड किया है।**



28 दिसंबर को हिना ने अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी अपने फैंस को दी थी। 3 जनवरी को हिना ने साल 2024 की पहली तस्वीरें शेयर की और बताया कि वह अब ठीक हो रही हैं।

ये रिश्ता क्या कहलाता है, नागिन 5, कसौटी जिंदगी की, डैमेड 2 और बिग बॉस 11 सहित अन्य में अपने काम के लिए जानी जाने वाली हिना खान ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की है, जिसमें वह स्विमिंग पूल में नजर आ रही हैं।

उन्होंने येलो कलर की स्लीवलेस ड्रेस पहनी हुई है और पानी के बीच झूले पर बैठी हैं। उन्होंने वाइट फ्रेम वाले सनग्लास के साथ लुक को पूरा किया।

पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने इमोजी शेयर किया। उन्होंने विशाल मिश्रा और राज शेखर द्वारा गाए गाने पहले भी मैं का म्यूजिक भी ऐड किया। यह गाना हाल ही में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर एनिमल से है, जिसमें रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी ने अभिनय किया है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें अब से पहले फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 13 में एक चैलेंजर के रूप में देखा गया था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जनसामान्य में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए बढ़ा रुझान

**सूरजपुर।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज जिले के ज.प. भैयाथान के ग्राम पंचायत चोपन में विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की महत्वाकांक्षी, जनहितैषी योजनाओं से लाभ पहुंचाने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजनाओं पर प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों को जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने-अपने जीवन में हुए बदलावों को भी साझा किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हितग्राही ने बताया कि योजना के तहत उन्हें तीन किस्तों में कुल 06 हजार रुपए मिला है, जिसका उपयोग वे खेती किसानी में करते हैं। ऐसे ही अन्य योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने भी शासन का आभार व्यक्त किया। शिविर में आधार पंजीयन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में जांच कर परामर्श व नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। हितग्राही ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज वे पक्के आवास में जीवन यापन कर रहे हैं। वे बताते हैं कि पहले मिट्टी के कच्चे मकान में रहना आसान नहीं था, लेकिन केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप आज मेरा पक्के आवास का सपना साकार हुआ है। जिसके लिए उन्होंने शासन को धन्यवाद दिया। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड रामानुजनगर के ग्राम पंचायत पतरापाली एवं सरई पारा, प्रतापपुर के ग्राम पंचायत कनकनगर व बूढ़ाडॉड एवं ओडगी के पासल में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न पुरस्कारों के अंतर्गत जिले के 5 नगरीय निकाय चयनित

**बालोद।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न पुरस्कारों के लिए बालोद जिले के 05 नगरीय निकायों के अंतर्गत नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा सहित नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा एवं चिखलाकसा का चयन किया गया है। इन सभी चयनित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को 11 जनवरी 2024 को भारत मण्डपम कन्वेंशन सेंटर, आईटीपीओ नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपने कक्ष में जिले के चयनित 05 नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से भेंट कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद सुनील अग्रहरि सहित अन्य सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जीपी सिंह क्यूसीएफआई के बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड से हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। क्वालिटी के महाकुंभ के नागपुर में क्यूसीएफआई बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड घोषणा की गई। भिलाई चेप्टर के सचिव, क्यूसीएफआई के चार बार के डायरेक्टर तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह को प्रथम क्यूसीएफआई बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई। इस घोषणा के साथ ही क्वालिटी सर्कल प्रेमियों में हर्ष की लहर दौड़ गयी। यह पुरस्कार नागपूर मे आयोजित एक गरिमामय समारोह मे के प्रेसीडेंट अविनाश मिश्र एवं भारत के क्वालिटी गुरु व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डी के श्रीवास्तव ने प्रदान किया।**



विदित हो की क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) द्वारा नेशनल कन्वेशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स-2023 का आयोजन 4से 7 जनवरी 2024 के मध्य नागपुर में किया गया। क्वालिटी कन्सेप्ट्स के इस महाकुम्भ मे देशभर के 650 से अधिक संस्थान के लगभग 2200 से अधिक क्वालिटी कन्सेप्टस टीमे तथा 12,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।विदित हो कि क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) देश की एक प्रतिष्ठित संस्था है जिसके पूरे देश में 35 चेप्टर्स संचालित है। इस राष्ट्रीय संस्थान का संचालन क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) के 22 सदस्यीय बोर्ड ऑफडायरेक्टर्स द्वारा किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इन 22 डायरेक्टर्स के योगदान का मूल्यांकन करते हुए क्यूसीएफआई ने इस वर्ष से एक नए पुरस्कार बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड प्रदान करने का निर्णय लिया है।

क्यूसीएफआई बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड हेतु निर्धारित मूल्यांकन पद्धति के तहत जीपी सिंह के योगदान का आकलन किया गया। श्री जी पी सिंह अपने इनोवेटिव कार्यों के लिए जाने जाते हैं। जी पी सिंह ने क्यूसीएफआई में कई नई परम्पराओं को जन्म देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री सिंह ने क्यूसीएफआई में पहली बार सेफ्टी सर्कल जैसे नये कॉन्सेप्ट के निर्माण तथा इसके क्रियान्वयन में अहम भूमिका अदा किया है। श्री सिंह ने जहां अपने कुशल नेतृत्व से भिलाई चेप्टर को एक नई ऊँचाई प्रदान की है वहीं भुवनेश्वर चेप्टर के स्थापना तथा नागपुर चेप्टर के रिवाइवल में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। श्री सिंह ने चीन तथा जापान में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्कल (आईसीक्यूसीसी) में भी प्रतिभागिता की है। जी पी सिंह के नाम 06 पेटेंट तथा 03 कॉपीराइट होने के साथ ही उन्हें सृजनात्मक कार्यों के लिए चार बार राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है एवं उन्हें मोस्ट इनोवेटिव मैनेजर के अवार्ड से भी नवाजा गया है।

जी पी सिंह के बेस्ट डायरेक्टर एवार्ड से सम्मानित होने पर क्यूसीएफआई भिलाई चेप्टर के चेयरमैन के के सिंह, कोषाध्यक्ष वी के चौधरी, प्रशिक्षण प्रभारी एस के त्रिवेदी, पीआरओ सत्यवान नायक, भुवनेश्वर चेप्टर के चेयरमैन एस एस मोहंती, सचिव राम शंकर दास सहित विभिन्न चैप्टर के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

# संस्कृति विभाग में 54 कर्मचारियों को मिला समय मान वेतनमान का लाभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर तथा संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के 54 कर्मचारियों को नई सरकार गठन के बाद वर्षों से लगित समयमान वेतनमान का लाभ प्रदाय किया गया है। संचालक विवेक आचार्य ने सभी कर्मचारियों को काई और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बतलाया कि इनमें से 07 ऐसे कर्मचारी है जो अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ हैं। शेष संचालनालय में कार्यरत है। साथ ही इसका लाभ 05 सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों और 03 दिवंगत कर्मचारियों के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई।

आचार्य ने बताया कि पहले से विद्यमान कुछ विसंगतियों को दूर करने के कारण कर्मचारियों को हितलाभ मिलने में विलंब हुआ है जिसका निराकरण किया जाकर लाभ प्रदान किया गया है और विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को स्वत: समय-समय पर लाभ प्राप्त होते रहेंगे। वर्षों से लंचित लाभ प्राप्त होने पर संस्कृति विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी और हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।

# कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने आज जिले के ग्राम खोरपा और चंडी के आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्रों में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली । कलेक्टर डॉ सिंह ग्राम खोरपा के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे जहां वह आंगनबाड़ी मे उपस्थित बच्चों से मिले और उनसे बातचीत की। उन्होंने बच्चों से पूछा की वह आंगनबाड़ी में कब से आ रहे है, उन्हे खाने में क्या-क्या मिलता है और आंगनबाड़ी में आकर कैसा लगता है। उन्होने आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषक आहार को चखा और अधिकारियों को बच्चों के आहार में पोषण और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ग्राम चंडी के आंगनबाड़ी केन्द्र भी पहुंचे जहां आंगनबाड़ी सहायिका अनुपस्थित मिली। इस पर कलेक्टर ने सहायिका को अनुपस्थित रहने का कारण बताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सही पोषण बच्चों के सही विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सुनिश्चित करने के लिए न्यूट्रीशन चार्ट का पालन करने के लिए निर्देश दिया।

कलेक्टर डाक्टर गौरव सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा एव हेल्थवेलनेस सेंटर चंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं और छोटे बच्चों के परिजन से मिलकर उनका हालचाल जाना और सुविधाओं की जानकारी लीं।

उन्होंने अस्पताल के स्टोर रूम में उपलब्ध दवाईयों के एक्सपायरी डेट की जांच की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा के गायनिक वार्ड भी अवलोकन किया जहां कलेक्टर ने वहां भर्ती महिला से बातचीत की, संस्थागत प्रसव के तहत उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में इस महिला के बच्चे का जन्म हुआ है। डॉ गौरव ने कहा कि माता और बच्चे को निर्धारित चार्ट के अनुरूप नाश्ता-भोजन दिया जाए। साथ ही इस बेटी सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में जन्मी बेटियों का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोला जाए जिससे बेटियों का भविष्य सुरक्षित रहे। कलेक्टर ने ग्राम खोरपा में उप तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में हुए शामिल

# सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरूण साव जरहागांव में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जरहागांव क्षेत्र कबड्डी के लिए जाना जाता है। यहां न केवल कबड्डी के बड़े आयोजन हुए हैं, बल्कि कई बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं।**



यह परम्परा आगे भी लगातार जारी रहना चाहिए। उन्होंने जरहागांव के विकास में हरसंभव मदद की बात कही। श्री साव ने खिलाड़ियों से कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। जरहागांव का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो, इसके लिए वे प्रयास करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कबड्डी प्रतियोगिता के बेहतरीन आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जरहागांव में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती दुर्गा उमाशंकर साहू, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला कबड्डी संघ एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी कार्यक्रम में मौजूद थे। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच गीधा और कोरबा के बीच खेला गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने टॉस कराकर फाइनल मैच शुरू कराया। कोरबा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्राफी कर कब्जा जमाया। श्री साव ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों की विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

# छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल में केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जोड़कर उन्हें इसका लाभ दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को गांवों में बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग इस संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी हासिल करने के साथ ही उसका लाभ भी उठा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनभागीदारी के मामले में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। इस यात्रा में जनभागीदारी का राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत है, जबकि छत्तीसगढ़ में इस यात्रा में जनभागीदारी 30 प्रतिशत से अधिक है।



बीते 16 दिसम्बर से राज्य में शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा सुदूर वनांचल के गांव-गांव तक पहुंच रही है। इस यात्रा के माध्यम से लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में इसमें बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। राज्य के दक्षिणी छोर के सीमावर्ती जिले सुकमा में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रशासन ने लोगों को लाभान्वित करने में विशेष उपलब्धि हासिल की है। संकल्प यात्रा में लगाए जा रहे शिविरों में मौके पर ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन, राशन कार्ड के लिए नाम में संशोधन के साथ-साथ हेल्थ कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाएं दी जा रही है।विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सुकमा जिले के 65 ग्राम पंचायतों में भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण, 47 ग्राम पंचायतों में सभी पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड, 12 ग्राम पंचायतों में ओडीएफ प्लस मॉडल एवं एक ग्राम पंचायत में हर घर जल की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर ग्राम पंचायतों को अभिनंदन पत्र वितरित किए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्व-सहायता समूहों, स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित 1328 हितग्राहियों द्वारा ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के माध्यम से सफलता की प्रेरक कहानियां भी बताई गई, जिससे अन्य लोग इन योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित हो सके।

खाद्य विभाग द्वारा सुकमा जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत अब तक 886 पात्र परिवारों का पंजीयन किया जा चुका है। इसी तरह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 723 तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 725 आवेदनों का पंजीयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 375 किसानों का पंजीयन तथा 546 किसानों को क्रेडिट कार्ड जारी किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सुकमा जिले में स्वायल हेल्थ कार्ड डेमोन्स्ट्रेशन एवं प्राकृतिक खेती के लिए किसानों से चर्चा कर जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित हेल्थ कैंप में 15415 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, 14024 मरीजों का टीबी परीक्षण, 4991 मरीजों का सिकल सेल परीक्षण के साथ ही 373 परिवारों का आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया।

# राज्य में अब तक 91.07 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का महाअभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 91.07 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 20,208 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों से इस साल 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से होने से किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने पर 65,100 रूपए मिलेगा। इस प्रकार देखा जाए तो इस साल धान विक्रय पर किसानों को गत वर्ष की तुलना में 25,500 रूपए का अतिरिक्त लाभ होगा। मार्कफेड के महाप्रबंधक श्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि 09 जनवरी 2024 के शाम तक की स्थिति में राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 18 लाख 03 हजार 762 किसानों से 91 लाख 07 हजार 487 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 20 हजार 208 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 78 लाख 84 हजार 524 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध में मिलर्स द्वारा 56 लाख 67 हजार 325 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस साल राज्य में 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है।






















## खास खबर




### ईलाज के लिए रुपये मांगकर एक लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर ( ए )।** कोतवाली क्षेत्र में ईलाज के रुपये की जरूरत होने का झांसा देकर एक लाख 20 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गोंडपारा राजाराम मंदिर के पास रहने वाले अनुपम शुक्ला ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 28 दिसंबर की शाम उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने उन्हें बताया कि वे मरीज को लेकर रायपुर आए हैं। अस्पताल में ईलाज के लिए एक लाख 20 हजार रुपये की जरूरत बताई। अनुपम ने फोन करने वाले को अपना जीजा समझ लिया। इसके बाद उन्होंने हड़बड़ी में बताए खाते में एक लाख 20 हजार रुपये जमा करा दिए। बाद में उन्हें अपनी गलती समझ में आई। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर नदी में गिरा, मौत

**राजिम ( ए )।** राजिम में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुल में गाडियों की जाम लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला राजिम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को राजिम-नवापारा पुल में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल से गिर गया। पुल के नीचे नदी में पानी होने चलते बाइक सवार की डूबने से मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद पुल पर गाडियों की लंबी कतार लग गई, जिसे काफी मशक्कत के बाद हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार राजिम पुल के बीचों-बीच पहुंचा था। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद बाइक सवार पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गया, जबकि बाइक पुल पर ही गिर गया। इस दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, भाजयुमो नेता मुकुंद मेश्राम किसी काम से राजिम जा रहे थे। वे तुरंत रुके और बाइक सवार की मदद करने जुट गए। नवापारा वार्ड 5 के निवासी विक्की साहू को रस्सी से बांधकर पुल से नीचे उतर गया, तब तक बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। मृतक को ट्यूब के सहारे पानी से बाहर निकल गया।

### लव ट्रायंगल और जमीन विवाद में हत्याः

# चचेरे भाई और दोस्त ने कुल्हाड़ी से चेहरे पर किए 20 से ज्यादा वार, दोनों नाबालिग गिरफ्तार

**गरियाबंद (ए)।** गरियाबंद जिले के पोड़ागुड़ा ग्राम में मंगलवार रात 2 नाबालिगों ने मिलकर गांव के ही एक युवक को मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने युवक के चेहरे पर कुल्हाड़ी से 20 से अधिक वार किए। हत्या की वजह जमीन विवाद और लव ट्रायंगल बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामला देवभोग थाना क्षेत्र का है।



देवभोग थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि कैलाश यादव (20) और एक नाबालिग आरोपी (16) आपस में चचेरे भाई थे। कैलाश के पिता जुगेश्वर यादव और नाबालिग आरोपी के पिता पुनीत राम के बीच पिछले 15 सालों से जमीन विवाद चल रहा था। 3 दिन पहले भी सीमांकन को लेकर दोनों परिवारों के बीच बहुत झगड़ा हुआ था।

वहीं दूसरा नाबालिग आरोपी जिस लड़की से पहले प्रेम करता था, उसी से कैलाश का अफेयर शुरू हो गया था। अलग-अलग वजहों से दोनों नाबालिग कैलाश से आपसी रंजिश रखते थे। हालांकि तीनों के बीच अच्छी दोस्ती भी थी। फिर भी जमीन विवाद और प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने कैलाश को मौत के घाट उतारने का फैसला कर लिया।

दोनों नाबालिगों ने मंगलवार शाम करीब 7 बजे युवक को बेलाट नाले के पास खलिहान में बुलाया, जहां तीनों ने पहले तो जमकर शराब पी। यहां शराब पीने के दौरान ही एक बार फिर तीनों के बीच अपने-अपने मसलों को लेकर विवाद होने लगा। विवाद और गालीगलौज जब बढ़ गया, तो नाबालिग चचेरे भाई ने उसके सिर पर डंडे का जोरदार वार किया। वहीं दूसरे नाबालिग ने कैलाश के चेहरे पर कुल्हाड़ी से 20 से ज्यादा वार किए।

#### पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को किया गिरफ्तार

परिवार वालों ने भी जमीन विवाद की बात कही, जिसके बाद पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें दोनों ने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। फिलहाल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी, डंडा और मृतक के मोबाइल को बेलाट नाले से बरामद किया गया है। दोनों नाबालिगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

#### युवक ने मौके पर तोड़ा दम

इस वार से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह खलिहान में गांववालों ने युवक की लहूलुहान लाश देखकर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर तत्काल पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से जब पूछताछ की, तो उन्होंने आखिरी बार दोनों नाबालिगों के साथ कैलाश को देखे जाने की बात कही।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक में पीछे बैठे व्यक्ति की गई जान



**रायगढ़ ( ए )।** हादसे का डगर के रूप में जाना पहचाना रायगढ़ बिलासपुर ओड़िसा को जोड़ने वाली नेशनल हाईवे 49 रायगढ़ में एक बार फिर से दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हुआ है। रायगढ़ जिला मुख्यालय जाति प्रमाण पत्र बनाने आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को छातामुडा बाइपास चौक में अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे से चालक बुरी तरह से जख्मी है जबकि पीछे बैठे व्यक्ति की मौत मौके पर हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जूटमिल व हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक भरत राम सिदार पिता साधोराम सिदार 65 ग्राम पुटकापूरी रहवासी है। भरत अपने साथी जमुना चौहान उम्र 59 के साथ अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 ई 6513 में सामान्य गति से जिला मुख्यालय जाति प्रमाण पत्र के लिए आ रहे थे। तभी सुबह लगभग 11:30 बजे के करीब वे रायगढ़ बाईपास नेशनल हाईवे 49 मार्ग के छातामुडा चौक में पहुचे थे। तभी ट्रक क्रमांक ओडी 14 एम 9992 के चलाक ने तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयानक था कि मोटरसाइकिल में सवार चालक जमुना दूर छिटक गया। वहीं, पीछे बैठा व्यक्ति भरत राम के शरीर मे काफी गहरी चोट आने पर उसकी दर्दनाक मौत मौके में ही हो गई।

सड़क दुर्घटना को देखकर लोगो की भीड़ मौके पर उमड़ गई। हादसे की भनक लगते ही जूटमिल व हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस टीम मौके पर आई। जहां घायल को उपचार के लिए भेजा गया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जबकि ट्रक का चालक लोगो के कोपभाजन से बचने के लिए मौके से जान बचाते हुए दुर्घटना के बाद फरार हो गया। इधर हादसे के बाद एकत्रित भीड़ हाइवे में जमा हो गई थी, देखते ही देखते चक्काजाम की स्थिति बन गई। जहां किसी तरह पुलिस टीम ने लोगो को समझाते हुए जाम को हटाया और कानूनी प्रक्रिया को पूरा कर दोषी चालक पर जुर्म दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। बताया यह भी जा रहा है कि हादसे में घायल व्यक्ति रायगढ़ जिला पुलिस बल में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुमन चौहान का बड़ा भाई है।

### महासमुंद में 20 लाख का 40 किलो गांजा जब्त

## पति-पत्नी और नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार गांजा को राजस्थान ले जाने की थी तैयारी

**महासमुंद।** महासमुंद जिले की बसना थाना पुलिस ने एक कार से 20 लाख रुपये कीमत का 40 किलो गांजा बरामद किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने कार में सवार पति-पत्नी, एक नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने NDPS एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत इन पर कार्रवाई की है।

9 जनवरी की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा लेकर राजस्थान जाने वाले हैं। पुलिस पेट्रोलिंग टीम तत्काल पलसापाली बैरियर की ओर रवाना हुई। उसी दौरान आई 20 कार क्रमांक CG-04 MN 1416 का ड्राइवर पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देखकर हड़बड़ा गया और वाहन को मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार का पीछा कर उसे पकड़ लिया।

कार में सवार व्यक्ति ने अपना नाम तेजस्वी माने (23) बताया। वो रायपुर के गुढ़ियारी में वार्ड नंबर- 17 में रहता है। वहीं कार में सवार पति-पत्नी राजस्थान के नीलकंठ कॉलोनी अनता थाना जिला बारन के रहने वाले हैं। जिनमें से पति का नाम नरेश सुमन (27) और पत्नी का नाम उमा सुमन (27) है। एक नाबालिग जिसकी उम्र 16 साल है, वो राजस्थान के कोटा जिले के नयापुरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है।



#### ट्रॉली बैग से 40 किलो गांजा बरामद

पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो उसमें गुलाबी रंग के ट्रॉली बैग और एक नीले रंग की ट्रॉली बैग से 40 किलो गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत 20 लाख रुपए है। पुलिस ने गांजा, आरोपियों के पास रखे नगद और उनके मोबाइल को जब्त कर लिया है।

#### चारों आरोपी गिरफ्तार किए गए

चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों ने बताया कि वे गांजा राजस्थान लेकर जा रहे थे।

## बस स्टेण्ड दुर्ग में शुरू हुआ यातायात पुलिस सहायता केन्द्र विधायक गजेन्द्र यादव व एसपी गर्ग ने किया शुभांरभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** बस स्टेण्ड दुर्ग में मंगलवार को यातायात पुलिस सहायता केन्द्र का उद्घाटन किया गया। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादवव एसपी राम गोपाल गर्ग द्वारा फीता काटकर इसका शुभारंभ किया गया। यातायात पुलिस सहायता केन्द्र खुलने से बस स्टेण्ड में लगने वाले जाम से आम जनता को जरूर राहत मिलेगी साथ ही साथ ही पुलिस सहायता केन्द्र में पीए सीस्टम लगा है जिससे डियूटी में उपस्थित कर्मचारी द्वारा समय समय पर बस एवं उनके चालको, एवं आटो चालको को ऐलाउंस कर वाहन सड़क में खडा ना करने समझाइस दी जाएगी।



बता दें एसपी गर्ग ने बस स्टैंड के पास यातायात पुलिस को ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया। इसके कारण उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सतीष ठाकुर, संदानंद विध्यरांज के नेतृत्व में बस स्टेण्ड में एक यातायात पुलिस सहायता केन्द्र खोलने का विचार किया गया था जो कि अब शुरू हो गया है। यातायात पुलिस सहायता केन्द्र में जिंगल भी लगाया गया है जिसके माध्यम से वाहन चालकों, बस चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। यातायात सहायक केन्द्र उद्घाटन कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक सतीष ठाकुर, निरीक्षक पीडी चंद्रा, निरीक्षक यसकरण ध्रुव यातायात के अधिकारी व कर्मचारी, बस मालिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा एवं अन्य उपस्थित रहें।

## शिक्षिका के घर का ताला तोड़ चोर ले भागे एक लाख नगद व जेवर

**कोरबा ( ए )।** एनटीपीसी के यमुना विहार कालोनी में दिनदहाड़े मेन गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक लाख नगदी रकम समेत सोना चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गई। सूचना पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। दर्री थाना अंतर्गत एनटीपीसी टाउनशिप के यमुना विहार के आवास क्रमांक ए- 634 में रीमा खान और उसके पति निवास करते है। रीमा खान एक निजी स्कूल टाइनी काटेज में शिक्षिका है और उसके पति एनटीपीसी अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी है। दोनों मंगलवार की सुबह उठकर अपने अपने काम पर चले गए। जब दोपहर 12 बजे उसका पति भोजन करने के लिए घर पहुंचा, तो देखा कि घर का मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। उसने इसकी सूचना दर्री थाना पुलिस को दी। स्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू करते हुए आसपास लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी घटनाक्रम की जानकारी नहीं होने की बात कही। पुलिस जब घर अंदर घुसी तो घर के अलमारी का ताला टूटा हुआ था और वहां सामान बिखरा हुआ था।



पुलिस ने आरोपितों को पकड़ने डाग स्क्वायड का सहारा लिया। डाग मास्टर सुनील गुप्ता और डाग बाघा मौके पर पहुंचे और घटना स्थल से भागते हुए एनटीपीसी दीवाल फांद कर आगे की ओर तक गए। इसके आधार पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पुलिस तलाश कर रही है। मकान मालिक का कहना है कि अलमारी में रखे सोने चांदी की जेवरात और एक लाख नगदी रकम चोरी की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# अंडा के धान खरीदी केन्द्र का विधायक ललित चंद्राकर ने किया निरीक्षण, किसानों की शिकायत पर प्रबंधक को दी चेतावनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मंगलवार को अंडा ग्राम पंचायत के धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जिस समय विधायक चंद्राकर पहुंचे तब बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। विधायक ने किसानों से चर्चा की और धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान कुछ किसानों ने समिति प्रबंधक की शिकायत की जिस पर विधायक चंद्राकर ने उन्हें तलब किया और सख्त चेतावनी दे डाली। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। समिति प्रबंधक अपना व्यवहार सुधार ले।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों धान खरीदी जोरों पर है। छत्तीसगढ़ के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। प्रदेशभर के किसान भाजपा सरकार की इस पहल से खुश हैं। इस बीच दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मंगलवार को अंडा ग्राम पंचायत के धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति पहुंचे। यहां पर विधायक ने मौजूद किसानों से चर्चा की। विधायक ने धान खरीदी की स्थिति जानी और यहां मिलने वाले बारदानों की क्वालिटी भी देखी। निरीक्षण के दौरान किसानों ने धान खरीदी पर संतोष जताया लेकिन साथ ही समिति प्रबंधक राजकुमार की शिकायत भी की। चर्चा के दौरान किसानों ने विधायक चंद्राकर को बताया कि केन्द्र में नए व पुराने दोनों बारदाने मिल रहे हैं। पुराने बारदाने खींचने पर नीचे फट जाते हैं। इस पर विधायक से समिति प्रबंधक को बारदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंगलवार को धानखरीदी केन्द्र में कुल 78 टोकन वाले किसानों का धान खरीदा गया। विधायक चंद्राकर ने इस दौरान जंजगिरी, अंडा, चिंगरी, विनायकपुर आदि जगह से आए किसानों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान विधायक ललित चंद्राकर के साथ किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर,सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, राजकुमार कोबरगड़े, जंजगीरी से मुरली ठाकुर, दिनेश देशमुख, जीवनलाल, अंडा से यशवंत चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, दीनदयाल साहू, उपेंद्र, गुलशन, लुकेश्वर, नागराज, सुरेन्द्र चंद्राकर, बिरेन्द्र चंद्राकर, चिंगरी से विश्राम सिंह, मालिकराम, दुर्जन तथा विनायकपुर मंगतिन बाई, उर्मिला बाई, अजय वर्मा, नंदिनी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### व्यवहार सुधारे, किसानों को न हो परेशानी

किसानों से धान खरीदी केन्द्र के प्रबंधक कोबरगड़े की शिकायत सुनने के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने उन्हें तलब किया। विधायक ने किसानों के सामने ही उन्हें व्यवहार सुधारने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। समिति संचालक किसानों को परेशान न करें और नियमानुसार और निर्धारित दर पर ही धान खरीदी की जाए। इस दौरान विधायक विधायक ललित चंद्राकर बायो मेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था का भी जायता लिया। समिति के सदस्यों ने विस्तार से पूरी व्यवस्था की जानकारी दी।

### भाजपा सरकार ने निभाया अपना वादा

किसानों से चर्चा के दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद अपना वादे और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया गया। 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का भी वादा पूरा किया है। जल्द ही महतारी वंदन योजना लागू की जाएगी जिसमें महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए मिलेंगे। साथ ही 500 रुपए में एलपीजी भी दिया जाएगा। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों से चर्चा के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी।

## खास - खबर

### ईवीएम मशीन का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु तिथिवार वार्डो में शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 56 बघेरा के निकट पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में ईवीएम वी वी पैट मशीन का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु शिविर का आयोजन किया गया था।जिसमे मास्टर ट्रेनर संजय कुमार राजपूत द्वारा शिविर के आयोजन में वार्ड के 21 मतदाताओं को मतदान करने ईवीएम मशीन के बारे में पूरी जानकारी देते हुए उपयोग कैसे किया जाता है शिविर में जानकारी दिया गया।बता दे कि ईवीएम वी वी पैट मशीन का व्यापक प्रचार प्रसार का शिविर तिथिवार शहर के 60 वार्डो में 9 जनवरी से लेकर 11 मार्च तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसके लिए वार्डो में लगने वाले शिविरों में अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है।इसी प्रकार कल दिनाँक 10 जनवरी दिन। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 01 में शासकीय पूर्व मा.शाला पंचशील नगर व शासकीय प्राथमिक शाला नया पारा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के अवसर पर राजस्व अधिकारी आरके बंजारे,सहायक राजस्व निरीक्षक बद्रीनाथ भीमगज व अन्य मौजूद रहें।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में जल आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा, जयंती स्टेडियम के पीछे की तरफ पूर्व क्षेत्र में जल आपूर्ति हेतु, 30 इंच व्यास की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज की समस्या पाई गई है। जिसका अविलम्ब अनुरक्षण कार्य करने के लिए, 10 जनवरी 2024 को शटडाउन कार्य लिया गया है। इस कार्य को सम्पादित करने हेतु, मरोदा जल शोधन संयंत्र से पूर्व क्षेत्र की सभी पेय जल सप्लाई लाइनों को बंद करने की आवश्यकता है। अत: दिनाँक 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को सेक्टर-1 सड़क क्रॉस स्ट्रीट, सड़क संख्या 1 से 25, सेक्टर-4 की सड़क संख्या 1 से 16 एवं सड़क ई.एम.आर का पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 11 जनवरी 2024 (गुरुवार) को पूर्व क्षेत्र के सेक्टर-1 से सेक्टर-6 तक जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग, प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### स्व सहायता समूह कोहका की महिलाए हर्बल फिनाइल बना कर बन रही है आत्मनिर्भर

**भिलाई।** राधे कृष्णा महिला स्व सहायता समूह कोहका की महिलाए हर्बल फिनाइल बनाकर हो रही है आत्मनिर्भर । लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा प्रेरित महिला समूह राधेकृष्णा महिला स्व सहायता कोहका की 20 महिलाए आर्थिक रूप से स्वालंबी होने हर्बल फिनाइल का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है। सामग्रियों की बिक्री में समिति उन्हें सहयोग दे रहा है। लोकार्पण समिति द्वारा निगम क्षेत्र में शासन द्वारा महिला स्व सहायता समूह को जारी योजनाओ की जानकारी के साथ उन्हें स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष ईस्माइल खान ने उनके द्वारा निर्मित फिनाइल को खरीद कर इनके कार्य को प्रोत्साहन दिया गया। राधे कृष्णा महिला स्व सहायता समूह की सचिव रोशनी देशलहरे ने कहा कि समूह की महिला सदस्य द्वारा दीया बाती का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय की गई है, जिसके अंतर्गत जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा जिला दुर्ग जिला समन्वयक के रूप में साजन जोसेफ ( बोरसी दुर्ग) एवं सह-समन्वयक के रूप में योगेश निक्की भाले (पाटन) एवं दिलीप गुप्ता (धमधा) की नियुक्ति की गई है।

पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर विधानसभा स्तर पर बेहतर तरीके से कार्य संपादन करने एवं कारीगरों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से हर विधानसभा में संयोजक और सह-संयोजक भी बनाए गए हैं इसी तारतम्य में दुर्ग शहर विधानसभा के लिए संयोजक राजेश वर्मा (केलाबाड़ी दुर्ग) एवं सहसंयोजक गोविंद देवांगन (राजीव नगर दुर्ग) को बनाया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में उक्त योजना हेतु संयोजक नरेंद्र निषाद (मोहलई) और सह संयोजक हरीश यादव (डूमरडीह) होंगे, पाटन विधानसभा में संयोजक हर प्रसाद आडिल (ढौर) और सहसंयोजक केवल देवांगन (पाटन नगर) को बनाया गया है, इसी प्रकार अहिवारा विधानसभा हेतु समारू पटेल एवं सहसंयोजक विदेशी साहू को नियुक्त किया गया।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में दुर्ग जिले में नियुक्तियां करने के पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि ऐसी महत्वाकांक्षी योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा संगठन ने वृहत कार्ययोजना बनाई है। पारंपरिक कौशल रखने वाले कारीगरों को इस योजना का लाभ मिलेगा। मोदी सरकार ने इसके लिए 18 ट्रेड्स से तय किए हैं, जिससे लाभार्थी जुड़ा होना चाहिए। इस योजना के जरिये जहां एक ओर लोगों को खुद का बिजनेस शुरू करने में मदद मिलेगी तो वहीं दूसरी तरफ यह कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता मिलेगी। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें ऋण दिया जाता है। इस योजना में दो चरण में ऋण दिया जा सकता है। पहला ऋण, 1 लाख रुपये का होता है। वहीं दूसरी चरण में 2 लाख रुपये का ऋण दिया जाता है, यह ऋण 5 फीसदी ब्याज पर दिया जाता है। इस स्कीम में लाभार्थी को ऋण के साथ मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में लाभार्थी को 500 रुपये प्रतिदिन का स्टाइपेंड भी मिलता है। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड, बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग जैसे स्किल की ट्रेनिंग दी जाती है।

## कोयला और पीसीएम तेल का उपयोग किया कम, वेस्ट हीट से बिजली उत्पादन में की वृद्धि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक 'नेट जीरो' कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके अनुरूप सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, अपने कार्बन फुटप्रिंट में सुधार के लिए पर्यावरण अनुकूल उपायों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

इस उद्देश्य के अनुरूप, भिलाई इस्पात संयंत्र में फोसिल फ्यूल अर्थात जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम किया जा रहा है और साथ ही संयंत्र के भीतर स्टील निर्माण की प्रक्रिया के दौरान बाय-प्रोडक्ट के रूप में निर्मित गैसों का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने के लिए, बीएसपी का लक्ष्य मौजूदा सुविधाओं से कम से कम लागत में पर्यावरण अनुकूल तरीके से उत्पादन को बढ़ाना है। पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन विभाग (पीबीएस) जो बीएसपी के कैप्टिव पावर प्लांट का संचालन करता है, इस एजेंडे पर कार्य करने के लिए अग्रणी रहा है। कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान 61.47 मेगावाट का अब तक का उच्चतम कैप्टिव बिजली उत्पादन हासिल किया गया। यह वर्ष 2022 के दौरान हासिल किए गए पिछले उच्चतम 53.02 मेगावाट पावर जेनरेषन से 15.9 प्रतिषत अधिक है और इसके परिणामस्वरूप बीएसपी को लगभग 48.2 करोड़ रुपये की लागत बचत हुई। पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन और भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए यह गर्व का विषय है कि ज्यादातर ब्लास्ट फर्नेस गैस, कोकओवन गैस और एलडी गैस जैसी इन-हाउस गैसों के उपयोग से यह उपलब्धि हासिल की गयी है और वर्ष 2023 के दौरान जीवाश्म ईंधन (कोयला) का उपयोग भी सबसे कम किया गया था। वर्ष 2022 के दौरान 10126 टन कोयले और वर्ष 2021 के दौरान लगभग 26,000 टन कोयले की तुलना में वर्ष 2023 में केवल 2350 टन कोयले का उपयोग किया गया था। इससे कोयले की खरीद पर होने वाले लगभग 4.2 करोड़ रुपये की नकद बचत के साथ ही कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन को लगभग 1.3 लाख टन तक कम करने में भी मदद मिली। कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान पावर प्लांट में पीसीएम तेल का उपयोग भी सबसे कम किया गया।



वर्ष 2022 की 33,247 किलो लीटर खपत की तुलना में वर्ष 2023 में केवल 9,961 किलो लीटर पीसीएम तेल खपत किया गया। इससे बाजार में पीसीएम की अधिक मात्रा को विक्रय कर लगभग 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी संग्रह करने में भी मदद मिली।

## गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रतिवर्ष की भांति गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्थित रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9:00 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।



गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने परेड की रिहर्सल प्रारंभ करने निर्देशित किया है। जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड द्वारा परेड में शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा है।

कार्यक्रम स्थल में बेरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय सहित शामियाना, कुर्सियां, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम दुर्ग/रिसाली को, विशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, कार्यक्रम स्थल में चबूतरा निर्माण, झण्डे आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण व रक्षित निरीक्षक को जिम्मेदारी दी है। मंच सजावट के लिए उद्यानिकी विभाग को, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को, सम्मानीय अतिथियों की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ध्वजारोहण पश्चात् रंग बिरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़ने के लिए उद्योग विभाग को दायित्व दिए गए हैं। मुख्य अतिथि का परेड निरीक्षण के लिए वाहन व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के लिए पुस्तिका की व्यवस्था के लिए जनसंपर्क विभाग को, कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक के लिए शिक्षा, पर्यावरण एवं अदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर देशभक्ति गीत-संगीत के प्रसारण के लिए नगर निगम दुर्ग-भिलाई को, कार्यक्रम का विडियो एवं फोटोग्राफी के लिए जनसंपर्क विभाग एवं खनिज विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। रविशंकर स्टेडियम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण की व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक दुर्ग और लोक निर्माण विभाग को दी गई है।

## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम प्रदर्शनी केंद्र का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय दुर्ग में ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर की स्थापना की गयी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आज ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। साथ ही गठित टीम के साथ मोबाइल डेमोंसट्रेशन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोबाइल डेमोंसट्रेशन वाहन के माध्यम से सभी 06 विधानसभा एवं 02 आंशिक विधानसभा अंतर्गत 1479 मतदान केन्द्रों में निर्धारित रूट में भ्रमण कर मतदाताओं को ईवीएम में वोटिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मतदान हेतु जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द कुमार एक्का, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, ईआरओ 63 दुर्ग ग्रामीण मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ईवीएम डेमोंसट्रेशन लवकेश ध्रुव, तहसीलदार ख्याति नेताम एवं ममता टावरी तथा नायब तहसीलदार किशोर वर्मा भी उपस्थित रहे।

### व्यवसायी मनोज राजपूत का छलका दर्द, कहा-

## उनकी फिल्म की रिलीज व धार्मिक रैली को रोकने का हो रहा है प्रयास

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शहर के दिग्गज व्यवसायी व फिल्म निर्माता मनोज राजपूत ने मंगलवार को एक प्रेसवार्ता के माध्यम से उनकी बनाई फिल्म की रिलीज को रोकने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है। मनोज राजपूत ने यह भी कहा कि प्रभु श्रीराम के नाम पर एक रैली का आयोजन करने जा रहे हैं उसे भी रोकने के लिए उन्हें धमकियां मिल रही है। उनका आरोप है कि कुछ अवांछित लोग उनके गार्ड से मारपीट कर रहे हैं जिसके कारण अत्यंत घबराए हुए हैं।



उन्होंने प्रेसवार्ता के माध्यम से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि उनके धार्मिक कार्यक्रम को सफल कराने में सहयोग करें। इस मामले को लेकर मनोज राजपूत ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है।

प्रेसवार्ता के दौरान मनोज राजपूत ने कहा है कि बाहरी लोग उनके व्यापार को क्षति पहुंचाना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाई है जिसकी रिलीज डेट 9 फरवरी तय की गई है। मनोज राजपूत इस फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। ऐसे समय में मनोज राजपूत से जुडे व्यवसाय के साथ ही फिल्म की रिलीज व धार्मिक रैली को रोकने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। मनोज राजपूत ने कहा है कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं और इनके कार्यस्थल पर गार्डों से मारपीट व गाली गलौच भी किया जा रहा है। इसके सुबूत के तौर पर उनके पास सीसी टीवी फुटेज भी मौजूद हैं।

मनोज राजपूत ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा है। फिल्मों के माध्यम से वे छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोगों की मुश्किलों को प्रदर्शित करना चाहते हैं जो कि कुछ अवांछित लोगों को ठीक नहीं लग रहा। यही नहीं उन्होंने बताया कि हिन्दुत्व को बढ़ावा देने वे 13 फरवरी को भगवान राम के नाम पर एक विशाल रैली निकालने जा रहे हैं। इस रैली का उद्देश्य लोगों की धार्मिक भावनाओं व सांस्कृतिक विरासत को सहेजना है। उन्होंने बताया कि हमारे व्यापार में रियल एस्टेट और फिल्म प्रोडक्शन शामिल है। लेकिन इन दिनों ऐसी घटनाएं हो रही हैं जो कि हमारे व्यापार को प्रभावित कर रही हैं।

मनोज राजपूत ने कहा है कि कुछ प्रभावशाली और अपराधिक प्रवित्ति के लोग उनके व्यापार स्थलों में प्रवेश कर रहे हैं। उनके साथ ही उनके कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों हमले कर रहे हैं। मनोज राजपूत ने यह भी बताया कि वे जब जब अपनी फिल्म के प्रमोशन पर निकलते हैं तो उनका पीछा किया जाता है। कई जगह उन्हें रोककर धमकियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि लगातार इस तरह की घटनाओं से संकेत मिल रहा है कि कोई उन्हें और उनके व्यापार को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी फिल्म की रिलीज व धार्मिक रैली पर असर डालने का प्रयास किया जा रहा है।

## संभागायुक्त और कलेक्टर ने किया माधों वाटिका (ठगड़ा बांध) का अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग और भिलाई सीमा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा 16 करोड़ की लागत से माधो वाटिका (ठगड़ा बांध) सौंदर्यीकरण एवं पिकनिक स्पॉट का निर्माण कराया गया है। बांध के बीचों बीच बने आईलैंड और चारों ओर बने पाथवे पर दुधिया रोशनी में इस बांध की खुबसुरती बढ़ा दी है।

सोमवार की संध्या 7 बजे संभागायुक्त एसऋएन. राठौर और कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों के साथ माधो वाटिका (ठगड़ा बांध) सौंदर्यीकरण का घुमकर अवलोकन किये। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों के साथ बांध में मोटर बोटिंग का आनंद भी लिए और चौपाटी में बैठकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्त उठाया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पिकनिक स्पॉट में घुमने आने वालों के लिए ट्रेन की व्यवस्था जल्द शुरू कराने, जल की कमी होने पर गर्मी के पहले नहर से पानी भराने की बात कही। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अवगत कराया कि लगभग 45 एकड़ में फैले इस बांध के सौंदर्यीकरण से शहरवासियों के लिए परिवार सहित स्वादिष्ट फूड आईटम के साथ बच्चों के लिए मनोरंजन आदि की सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। लैंडस्केपिंग, लाईटिंग, मनोरंजन गतिविधियां आदि सौंदर्यीकरण से ठगड़ा बांध की खुबसुरती में गजब का निखार आया है। उन्होंने बताया कि माधो वाटिका (ठगड़ा बांध) में नव निर्मित चन्द्रयान-3 चलित मॉडल को प्रदर्शन के लिए शहर के आम नागरिकों को समर्पित किया गया है। संभागायुक्त ने अधिकारियों के साथ इसकी प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने कहा कि पिकनिक स्पॉट में स्थापित चन्द्रयान-3 का लाइव मॉडल स्कूली बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी चन्द्रयान की प्रक्षेपण की जानकारी प्रदान करेगा। उनकी जिज्ञासाओं को दूर करेगा।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950